RNI .NO. MPBIL / 2013/ 54381

दैनिक
# सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...

संपादकः- डॉ. देवेन्द्र मालवीय

11 वर्ष

www.sadbhawnapaati.com Email: sadbhawnapaatinews@gmail.com इंदौर, गुरुवार ●09 मई , 2024 वर्षः-12 अंक - 11 मूल्य -1 रु. कुल पृष्ठ - 8

## लिव इन रिलेशनशिप में नहीं रह सकते हैं मुसलमान

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा-अनुच्छेद 21 नहीं देता इसकी इजाजत

**कहा-**
- **मुस्लिम जिस रीति-रिवाज को मानते हैं, वहां यह अधिकार नहीं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हाल ही में अपने एक अहम फैसले में कहा है कि इस्लाम धर्म को मानने वाला कोई भी शख्स लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का दावा नहीं कर सकता है। खासकर तब, जब पहले से उसकी कोई जीवित जीवनसंगिनी हो। कोर्ट ने कहा कि मुसलमान जिस रीति-रिवाज को मानते हैं, वह उन्हें लिव-इन रिलेशनशिप में रहने का अधिकार नहीं देता है। जस्टिस अताउर्रहमान मसूदी और जस्टिस अजय कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने कहा कि जब किसी नागरिक के वैवाहिक स्थिति की व्याख्या पर्सनल लॉ और संवैधानिक अधिकारों यानी दोनों कानूनों के तहत की जाती है, तब धार्मिक रीति-रिवाजों को भी समान महत्व दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने आगे कहा कि सामाजिक और धार्मिक रीति-रिवाज एवं प्रथाएं और संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त कानून जिन्हें सक्षम विधानमंडल द्वारा बनाया गया है, दोनों के स्रोत समान रहे हैं। अदालत ने कहा, एक बार जब हमारे संविधान के ढांचे के भीतर रीति-रिवाजों और प्रथाओं को वैध कानून के रूप में मान्यता मिल जाती है, तब ऐसे कानून भी उचित मामले में लागू होते हैं। अपने आदेश में अदालत ने कहा कि अनुच्छेद 21 के तहत लिव-इन रिलेशनशिप का मिला संवैधानिक अधिकार तब लागू नहीं होता, जब रीति-रिवाज और प्रथाएं दो व्यक्तियों के बीच ऐसे संबंधों को प्रतिबंधित करती हैं। हाई कोर्ट ने कहा, इस्लाम में आस्था रखने वाला कोई भी व्यक्ति लिव-इन रिलेशनशिप के अधिकार का दावा नहीं कर सकता, खासकर तब जब उसका कोई जीवनसाथी जीवित हो। हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी उस याचिका की सुनवाई के दौरान किया, जिसमें एक व्यक्ति के खिलाफ अपहरण के मामले को खारिज करने की गुहार लगाई गई थी। याचिका में एक हिंदू-मुस्लिम जोड़े के लिव-इन रिलेशनशिप में हस्तक्षेप न करने का निर्देश देने की भी मांग की गई थी। कोर्ट ने सुनवाई और साक्ष्यों की जांच के दौरान पाया कि याचिकाकर्ता मुस्लिम शख्स पहले से ही एक मुस्लिम महिला से शादीशुदा है।



## दुखी हैं पर नहीं चलेगी उनकी बिना इंजन की गाड़ी

- 3 निर्दलीय विधायकों के पाला बदलने पर बोले अनिल विज

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों के भाजपा से अपना समर्थन वापस लेने के बाद राज्य में सियासत गर्मा गई है। विपक्ष की ओर से अब फ्लोर टेस्ट की मांग उठ रही है। हालांकि ताजा हालातों को देखते हुए सैनी सरकार अल्पमत में है लेकिन, इसके बावजूद भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि उनकी सरकार को कोई खतरा नहीं है। वहीं, इस मामले में हरियाणा के पूर्व मंत्री अनिल विज का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हम उन विधायकों के जाने से दुखी जरूर हैं लेकिन, विपक्षी गठबंधन की गाड़ी इस बार भी बिना इंजन के ऐसे ही



खड़े रहने वाली है। हरियाणा में लगातार बदल रहे राजनीतिक हालातों पर हरियाणा के पूर्व मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल विज ने कहा कि हम तीन निर्दलीय विधायकों के कांग्रेस को समर्थन देने से दुखी हैं लेकिन, हमारे पास ट्रिपल इंजन वाली सरकार है। तीन नेता हमारे राज्य की देखभाल कर रहे हैं– सीएम नायब सिंह सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर और पीएम नरेंद्र मोदी। लोगों ने मन बना लिया है कि वे पीएम नरेंद्र मोदी को ही अगले प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं और तीसरी बार इंडी गठबंधन की बिना की गाड़ी ऐसे ही खड़ी रहेगी। गौरतलब है कि हरियाणा में तीन निर्दलीय विधायकों ने मंगलवार को भाजपा सरकार से समर्थन वापस ले लिया और घोषणा की कि वे कांग्रेस का समर्थन करेंगे। इसके साथ ही सरकार अल्पमत में आ गई है।

## चुनाव के लिए बीजेपी कुछ भी कर सकती है

- एक और कांग्रेसी ने पुंछ आतंकी हमले पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के बाद एक और कांग्रेस नेता और पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने हाल ही में पुंछ आतंकी हमले को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि भगवा पार्टी चुनाव के दौरान कुछ भी कर सकती है। मंगलवार को उन्होंने कहा, पुलवामा हमला अभी भी एक रहस्य बना हुआ है, जिसको लेकर तत्कालीन उपराज्यपाल सत्यपाल मलिक भी सवाल उठा चुके हैं। इसमें कुछ भी नया नहीं है। भाजपा चुनाव के दौरान कुछ भी कर सकती है। आपको बता दें कि वारिंग



लुधियाना सीट से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। फरवरी 2019 में जैश-ए-मोहम्मद द्वारा किया गया पुलवामा हमला लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुआ था। इसके कुछ दिनों के बाद भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के अंदर बालाकोट में जवाबी हमले किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा ने चुनाव में लगातार दूसरी बार बहुमत हासिल किया। विपक्षी दलों ने बार-बार आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने चुनावी लाभ लिए आतंकवादी हमले की इजाजत दी, हालांकि सत्तारूढ़ दल ने इस आरोप को खारिज कर दिया। पिछले शनिवार को पुंछ में हमला हुआ। आतंकवादियों ने भारतीय वायुसेना के वाहनों के एक काफिले को निशाना बनाया।

## ईस्ट वाले चीनी और साउथ वाले अफ्रीकन दिखते हैं

### इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष पित्रोदा ने फिर दिया विवादित बयान, बैकफुट पर पार्टी

- पीएम मोदी ने किया हमला, कहा-शहजादे के फिलॉसफर ने चमड़ी के आधार पर गाली दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने विरासत टैक्स के बाद भारत की विविधता को लेकर बयान दिया। पित्रोदा ने कहा कि भारत में ईस्ट के लोग चाइनीज और साउथ वाले अफ्रीकन दिखते हैं। बयान देने के कुछ ही देर बाद कांग्रेस ने इससे किनारा कर लिया। कांग्रेस ने कहा कि भारत की विविधता की ये परिभाषा मंजूर नहीं है। यह गलत है। जब बयान सामने आया, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना के वारंगल में सभा कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, शहजादे के फिलॉसफर ने चमड़ी के आधार पर देशवासियों का अपमान किया। गाली दी। सैम पित्रोदा ने अंग्रेजी अखबार द स्टेट्समैन को दिए एक इंटरव्यू में विविधता पर बयान दिया। उन्होंने कहा, हम 75 साल बहुत खुशहाल माहौल में रहे हैं। लोग इधर-उधर के झगड़ों को छोड़कर एक साथ रहते थे। हम भारत जैसे विविधता वाले देश को एक साथ रख सकते हैं। यहां हम सभी भाई-बहन हैं। कांग्रेस नेता ने आगे कहा- हम सभी अलग-अलग भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और खाने का सम्मान करते हैं।



### प्रधानमंत्री बोले- मेरा मन गुस्से से भर गया है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं गाली सह लेता हूं; लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है। मोदी ने कहा, क्या मेरे देश में चमड़ी का रंग देखकर लोगों की योग्यता तय होगी। चमड़ी के रंग का खेल खेलने का हक शहजादे को किसने दिया है।

### बैकफुट पर कांग्रेस 'नस्लवादी' टिप्पणी से किया किनारा

मौजूदा लोकसभा चुनावों के बीच मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस अपने ओवरसीज चीफ सैम पित्रोदा के बयान से दूसरी बार मुश्किलों में घिर गई है। पित्रोदा के बयान पर विवाद बढ़ता देख कांग्रेस ने उनकी कथित नस्लवादी टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया है। पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा, सैम पित्रोदा ने पॉडकास्ट में भारत की विविधता को दर्शाने के लिए जो उदाहरण दिए हैं, वे सबसे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उदाहरणों से खुद को पूरी तरह से अलग करती है। सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता का उदाहरण देते हुए पूर्वोत्तर के लोगों की चीनी नागरिकों के समान, पश्चिम के लोगों को अरब लोगों के समान और दक्षिण भारत के लोगों को अफ्रीकी लोगों के समान बताया था। भाजपा नेताओं ने चुनावी माहौल में पित्रोदा की टिप्पणी की तीखी आलोचना की है और इसे 'अस्वीकार्य और दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया है।

## कश्मीर के कुलगाम में आतंकियों का फिर एनकाउंटर शुरू

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में रेडवानी पाईन इलाके में बुधवार को सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच फिर मुठभेड़ शुरू हो गई है। इससे पहले मंगलवार को मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने 2 आतंकियों को मार गिराया था। मरने वालों में आतंकी लश्कर का टॉप कमांडर बासित डार भी था, जिस पर 10 लाख रुपए का इनाम था। वह कश्मीर में कई



लोगों की हत्या में शामिल रहा है। वहीं, मारा गया दूसरा आतंकी फहीम अहमद था, जो आतंकियों की मदद करता था। वहीं, दूसरी तरफ पुंछ में वायुसेना के काफिले पर हमला करने वाले आतंकियों को पकड़ने के लिए बुधवार को लगातार पांचवें दिन तलाशी अभियान जारी है। 4 मई को हुए इस हमले में वायुसेना का एक जवान शहीद हो गया था और चार घायल हो गए थे। सेना ने हमले में शामिल आतंकियों के स्कैच जारी किए हैं। साथ ही उन पर 20 लाख के इनाम का ऐलान भी किया है।

## अब कांग्रेस को अपने दल-बदलू विधायकों के इस्तीफे का इंतजार

- **कांग्रेस का दावा-** रावत में इस्तीफा देने का साहस नहीं, निर्मला बोलीं-पार्टी जैसा कहेगी, वैसा करेंगे



**भोपाल।** लोकसभा चुनाव के दौरान मध्यप्रदेश कांग्रेस के तीन विधायक बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। इनमें सिर्फ कमलेश शाह ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दिया है। विजयपुर विधायक रामनिवास रावत और बीना विधायक निर्मला सप्रे ने अब तक विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया है। दल-बदल कानून के तहत दोनों विधायकों की सदस्यता जा सकती है। इधर, कांग्रेस दल-बदल करने वाले विधायकों के इस्तीफे का इंतजार कर रही है। विधायक अपने नए दल के इशारे का इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जेपी धनोपिया ने दावा किया है कि रामनिवास में इस्तीफा देने का साहस नहीं है। छिंदवाड़ा की अमरवाड़ा सीट से तीन बार के कांग्रेस विधायक और आदिवासी राजपरिवार के सदस्य कमलेश शाह ने 29 मार्च को सबसे पहले बीजेपी की सदस्यता ली। विधानसभा चुनाव के बाद दल-बदल करने वाले कमलेश शाह पहले विधायक हैं। कमलेश ने बीजेपी जॉइन करने के साथ ही विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। विधानसभा सचिवालय ने अमरवाड़ा सीट को रिक्त भी घोषित कर दिया है। अब अमरवाड़ा सीट पर उपचुनाव होना तय है। श्योपुर जिले की विजयपुर सीट से छह बार के कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत मुरैना से सत्यपाल नीटू सिकरवार को टिकट मिलने के बाद से ही कांग्रेस से नाराज चल रहे थे।

## मोदी के नफरती भाषणों पर ऐक्शन नहीं लेता ईसी

### नोटिस भी पार्टी को भेजा, अब हाईकोर्ट पहुंची कांग्रेस

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी (टीएनसीसी) ने मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग को लेकर एक याचिका दायर की है। याचिका में हाईकोर्ट से आग्रह किया गया है कि वह भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को मौजूदा चुनावी मौसम के दौरान कथित तौर पर नफरत भरे भाषण देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दे। याचिका में कहा गया है कि मोदी के नफरत भरे भाषणों के खिलाफ चुनाव आयोग में कई शिकायतें दर्ज की गई थीं, लेकिन उसने सीधे नरेंद्र मोदी से सवाल करने के बजाय भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को केवल एक कारण बताओ नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि नफरत फैलाने वाले भाषणों के लिए मोदी खुद अपराधी हैं। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, याचिका में



कहा गया है,मोदी इन भड़काऊ टिप्पणियों, अपमानजनक और विभाजनकारी भाषणों के लिए पूरी तरह जिम्मेदार हैं। ईसीआई की यह उदारता नागरिकों को गलत संकेत भेजती है और हमारे देश की पूरी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को कमजोर करती है।

इस मामले का उल्लेख आज न्यायमूर्ति एडी जगदीश चंदीरा और आर कलाईमथी की अवकाश पीठ के समक्ष किया गया। हालांकि, बेंच ने याचिकाकर्ता से कहा कि वह पहले इस मामले को पहले रजिस्ट्री के पास ले जाकर रजिस्टर कराए। यह याचिका टीएनसीसी ने अपने अध्यक्ष के सेल्वापेरुन्थागई के माध्यम से दायर की है।

## भोपाल संसदीय सीट पर 15 साल बाद घटी वोटिंग

### 2019 की तुलना में 1.65 प्रतिशत कम मतदान हुआ, वोट परसेंट बढ़ाने की कोशिशें फेल

**भोपाल।** भोपाल संसदीय सीट की 8 विधानसभा क्षेत्रों में 64 प्रतिशत वोटिंग हुई है। भोपाल लोकसभा के सीहोर-बैरसिया में सबसे ज्यादा वोटिंग हुई। हालांकि, इस बार साल 2019 की तुलना में 1.65 प्रतिशत कम मतदान हुआ। प्रशासन ने वोट प्रतिशत बढ़ाने की तमाम कोशिशें की। जिनमें लकी डॉ, व्यापारियों का बाजार बंद शामिल है लेकिन, पिछली बार की तुलना में वोट प्रतिशत ज्यादा नहीं हो सका। इसके चलते भोपाल संसदीय सीट पर पिछले 15 साल में हुए तीन लोकसभा चुनावों में मतदान बढ़ने के बजाय घटने का नया रिकार्ड बना है। सीनियर जर्नलिस्ट एनके सिंह ने बताया कि पहले माना जाता था कि वोटिंग कम होने से सत्ता पक्ष को नुकसान होगा। लेकिन, अब ऐसा नहीं होता। पिछले कुछ चुनावों में इस ट्रेंड में बदलाव हुआ है। इस कारण वोटिंग कम होने और ज्यादा होने से किसी विशेष राजनीतिक दल के उम्मीदवार को फायदा या नुकसान होगा यह कहना फिलहाल संभव नहीं है। भोपाल संसदीय क्षेत्र की अर्बन पुअर पापुलेशन में भाजपा का स्ट्रॉन्ग होल्ड है। भाजपा ने इस सेक्टर में काफी काम किया है। इस कारण पोलिंग ट्रेंड को देखकर यही कहा जा सकता है कि फायदा भाजपा को होगा। सीनियर जर्नलिस्ट विजय दत्त श्रीधर कहते हैं कि शुरुआती दो चरण के लोकसभा चुनाव में हुई कम वोटिंग ने राजनैतिक दलों की चिंता बढ़ा दी थी। इसके चलते मतदाताओं को मतदान के लिए घर से निकालने राजनैतिक पार्टियों और उम्मीदवारों ने व्यक्तिगत स्तर पर काफी मशक्कत की।



भोपाल संसदीय सीट के पिछले तीन लोकसभा चुनावों में लगातार वोटिंग बढ़ी है। साल 2014 के चुनाव की तुलना में 2019 में वोटिंग 7.86 फीसदी ज्यादा हुई थी। दोनों ही चुनावों में भाजपा उम्मीदवार ने कांग्रेस उम्मीदवार को शिकस्त दी।

### अब खरगे-प्रियंका संभालेंगे प्रचार की कमान

## राहुल रायबरेली में देंगे ध्यान, आधा चुनाव बीतने के बाद कांग्रेस पार्टी ने बदला प्लान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में पिछले दो चरणों में शेष 24 सीटों में से कांग्रेस केवल छह सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसलिए राहुल गांधी के महाराष्ट्र में प्रचार करने की संभावना नहीं के बरारबर है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए रैलियां करेंगी। 13 मई को होने वाले चौथे चरण में कांग्रेस पुणे, जालना और नंदुरबार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राहुल गांधी पहले ही पुणे में एक रैली कर चुके हैं। प्रियंका गांधी 10 मई को नंदुरबार में प्रचार करेंगी। पांचवें चरण में पार्टी उत्तर महाराष्ट्र की धुले और मुंबई की दो सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यहां प्रचार के लिए पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे 15 मई को एक रैली कर सकते हैं। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, राहुल गांधी उत्तर प्रदेश में रायबरेली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं जहां 20 मई को चुनाव होगा। वह वहां और देश के अन्य हिस्सों में भी प्रचार करेंगे। हमारे यहां कई नेता प्रचार कर रहे हैं, जिनमें खरगे और प्रियंका भी शामिल हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 मई को नासिक, भिवंडी और मुंबई में रैलियों को संबोधित करने वाले हैं।



प्रदेश पाती

दैनिक सद्भावना पाती

इंदौर, गुरुवार 09 मई, 2024

# शहडोल में छात्रा से गैंगरेप के 5 आरोपी अरेस्ट

## रीवा और उमरिया में छिपे थे; आरोपियों के घर गिराने पहुंची प्रशासन की टीम

**शहडोल (नप्र)।** शहडोल में 10वीं की छात्रा से गैंगरेप के पांचों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार रात सभी आरोपियों को उमरिया और रीवा जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से पकड़ा। बुधवार को प्रशासन की टीम कल्याणपुर में आरोपियों के घर गिराने पहुंची। इस दौरान प्रशासनिक टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। प्रशासन ने कल्याणपुर में स्थित आरोपी ऐश्वर्य निधि गुप्ता की दुकान को ढहा दिया है। इसके बाद दूसरे आरोपियों के घरों को गिराया जाएगा।

शहडोल एसपी कुमार प्रतीक ने बताया कि शहडोल जोन के एडीजी डीसी सागर के निर्देशन में पुलिस की कई टीमें उमरिया और रीवा जिले के अलग-अलग हिस्सों में लगातार दबिश दे रही थी। पुलिस ने आरोपी ऐश्वर्य निधि गुप्ता उर्फ लल्लू गुप्ता (36) पिता स्वामीशरण गुप्ता, शाहिल कुरैशी (22) पिता शहीद कुरैशी, मोहम्मद शमीम (18) पिता मो. अकरम, मो. अफजल अंसारी (28) पिता फारूख, कैलाश उर्फ मन्नू पनिका (29) पिता राजू पनिका को पकड़ा है।

### ये है पूरा मामला

शहडोल में सोमवार रात को 15 वर्षीय छात्रा के साथ पांच लोगों ने गैंगरेप किया। छात्रा कोचिंग से घथ् जा रही थी। रास्ते में उसे दोस्त मिल गया। दोनों घूमने निकल गए। शहर के केंद्रीय विद्यालय के करीब पांच युवक आ गए। युवकों ने छात्रा के दोस्त से मारपीट की। इसके बाद छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म किया। आरोपियों ने वीडियो भी बनाया। छात्रा को धमकी दी कि किसी को बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे। पीड़िता दोस्त के साथ घर पहुंची और परिजन को पूरी घटना बताई। इसके बाद परिजन छात्रा को पुलिस थाने ले गए।

# मंदिर में प्रणाम कर घर पर बम फेंके

## हवाई फायर किए, जबलपुर में गुंडा टैक्स वसूलने के लिए फैलाई दहशत

**जबलपुर (नप्र)।** जबलपुर में बदमाश ने मंदिर में प्रणाम, परिक्रमा की, इसके बाद एक घर पर जाकर बम फेंके। जाते-जाते हवाई फायर भी किए। घटना 6 मई की रात की है। इसके वीडियो सामने आए हैं। पुलिस अब बदमाश की तलाश में जुट गई है।

घटना घमापुर थाने के भारत सेवक समाज स्कूल के पास की है। ऐसा उसने दहशत फैलाने के मकसद से किया। बताया जाता है कि बदमाश यहां दुकानदारों से रंगदारी वसूलता है। लोगों को भी परेशान करता है।

जिस घर पर बदमाश आनंद ठाकुर ने सुअर मार बम फेंके, उसमें रहने वाले मानसिंह ठाकुर के साथ उसका रंगदारी की मांग को लेकर विवाद हुआ था। मानसिंह प्राइवेट जॉब करते हैं। बताया जा रहा है कि आनंद गुंडा टैक्स और रंगदारी नहीं देने पर पहले भी इसी तरह घरों के बाहर बम फेंकने और फायरिंग कर चुका है।एएसपी सूर्यकांत का कहना है कि आरोपी पर केस दर्ज किया गया है। जल्द उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

# इंदौर में ग्राहक को ब्याज सहित रुपए लौटाएगा एसबीआई

## रसीद दी लेकिन खाते में रुपए नहीं डाले; 13 साल बाद ग्राहक जीता केस

**इंदौर (नप्र)।** पिता ने बेटी का भविष्य सुरक्षित रखने के लिए समृद्धि योजना में पैसा जमा कराया, बैंक ने उसकी रसीद भी दी। 4 साल बाद जब पॉलिसी मैच्योर हुई तो पिता बैंक में पैसा निकालने आए। लेकिन बैंक ने ऐसा कोई अकाउंट होने से ही साफ मना कर दिया। पिता ने इसके खिलाफ 13 साल तक केस लड़ा। अब उपभोक्ता आयोग ने पिता के पक्ष में फैसला दिया है। बैंक को ब्याज सहित पूरा पैसा लौटाने के निर्देश दिए। 40 हजार के बदले करीब 58 हजार रुपए देने होंगे। 25 हजार रुपए क्षतिपूर्ति और 10 हजार रु. केस व्यय अलग से देना होगा।

आयोग ने यह भी माना कि तत्कालीन कैशियर ने रुपए हड़प लिए, इसके बावजूद बैंक उसी का बचाव करती रही। बैंक ने साख बचाने के लिए मामले को मुकदमेबाजी में भी उलझाया।

मामला इंदौर के इंदौर के न्यायमित्र शर्मा (50) का है। उन्होंने बेटी के समृद्धि योजना में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) में 40-40 हजार रुपए की तीन एफडी कराई थी। दो एफडी के 40-40 हजार रुपए अपने अकाउंट से ट्रांसफर किए। तीसरी एफडी के




40 हजार रुपए नकद दिए थे। रसीदें और तीन जमा प्रमाण पत्र भी प्राप्त किए। मैच्योरिटी डेट मार्च 2011 को जब बैंक से रुपए मांगे तो कहा गया कि आपकी दो ही रसीदें सही है, तीसरी गलती से जारी हुई थी। उसके पैसे नहीं मिलेंगे क्योंकि तब आपने केवल दो के ही रुपए जमा कराए थे, तीसरे के नहीं। यानी बैंक ने कहा कि जो 40 हजार रुपए नकद दिए थे, वो तब दिए ही नहीं गए थे। इसके खिलाफ न्यायमित्र ने कानूनी नोटिस भेजा, जब बैंक नहीं माना तो जिला उपभोक्ता आयोग की शरण ले ली। वहां से पक्ष में फैसला आया लेकिन बैंक ने राज्य आयोग में अपील कर दी। अब वहां से भी केस जीत गए हैं।

### बैंक ने बचाव में कहा- मैन्युअली काम होने से रसीद जारी हो गई थी

राज्य आयोग में बैंक ने बचाव करते हुए कहा कि तब कम्प्यूटर में तकनीकी दिक्कत थी। इस कारण रसीद हाथ से बनाई दी जा रही थीं इसलिए तीन रसीदें जारी हुई थीं। दो रसीदों पर खाता नंबर दर्ज है जबकि तीसरी रसीद के रुपए जमा नहीं होने से सिर्फ रसीद नंबर ही दर्ज है। रसीद पर अधिकारी के साइन भी नहीं है। इसलिए गलती से बनी रसीद के लिए संबंधित को रुपए का भुगतान करने का सवाल ही नहीं उठता। सेवा में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं की गई।

### रसीद से बैंक ने सिग्नेचर ही मिटा दिए थे

जवाब में न्यायमित्र शर्मा ने ओरिजनल रसीद की फोटोकॉपी पेश कर दी, जो उन्होंने कराई थी। इसमें बैंक के अधिकृत व्यक्ति के साइन के साथ ही बैंक की ओर से लगने वाली तारीख की सील भी थी। उन्होंने बताया कि गलती छुपाने के लिए बैंक ने व्हाइटनर लगाकर या और किसी तरह से साइन हटाकर, पेश किया था जिसका सच सामने है।

### आयोग ने माना - कर्मचारी ने रुपए हड़प लिए, बैंक ने बचाव किया

आयोग ने शर्मा के दस्तावेज देखने के बाद माना कि बैंक की ओर से प्रस्तुति रसीद में साइन मिटाने की कोशिश हुई है। साइन किसने मिटाई, इस बारे में कोई खुलासा नहीं है। साइन मिटाने से बैंक को ही फायदा पहुंच रहा था। इस स्थिति में ये साफ हो जाता है कि बैंक के किसी कर्मचारी द्वारा संबंधित से जो नकद रुपए लिए गए, उसकी रसीद तो बनाई लेकिन उसके अकाउंट में रुपए नहीं डाले गए। बचाव में फिर कह दिया कि रसीद गलती से जारी हो गई।

# उज्जैन में डंपर में घुसी कार, 2 की मौत,7 घायल

## बाइक से टकराने के बाद डंपर के ड्राइवर ने ब्रेक लगाए, पीछे से कार घुस गई





**उज्जैन (नप्र)।** उज्जैन में नागदा-उन्हेल रोड पर एक डंपर में कार घुसने से 2 महिलाओं की मौत हो गई। कार ड्राइवर समेत 7 लोग घायल हैं। इनमें से 3 को गंभीर हालत में इंदौर रेफर किया गया है। परिवार रतलाम से खरीदारी कर उन्हेल (उज्जैन) लौट रहा था। हादसा मंगलवार देर रात 10 बजे हुआ।

जानकारी के मुताबिक डंपर एक बाइक से टकराया तो ड्राइवर ने ब्रेक लगा दिए, इतने में पीछे से आ रही कार उसमें घुसकर आगे से बुरी तरह चपटी हो गई। हादसे में बाइक चालक भी घायल हुआ है।

उन्हेल की रहने वाली सुशीला (40) पत्नी भगवान सिंह, बेटी अंजलि (19), अंशिका (14), पूजा (12), निहारिका (5) के साथ रतलाम खरीदारी करने गई थीं। उनकी बेटी अंजलि की कुछ रोज पहले ही सगाई हुई है। परिवार के संदीप (20), सावित्री बाई (40), चंदा (30) और रामेश्वर भी साथ थे।

### उज्जैन आने से पहले दो घायलों ने दम तोड़ा

रतलाम से उन्हेल लौटने के लिए उन्होंने कार किराए पर की। इसे ड्राइवर सादिक (18) निवासी मंडवासा चला रहा था। नागदा और उन्हेल के बीच हरियाली ढाबे के पास कार के आगे चल रहे डंपर और बाइक में एक्सीडेंट हो गया। कार भी पीछे से जा घुसी। घायलों को नागदा के उन्हेल स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से पूजा और रामेश्वर को छोड़ बाकी लोगों को उज्जैन जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में सावित्री बाई और चंदा की मौत हो गई। गंभीर घायल होने पर सुशीला, उनकी बेटी अंशिका और संदीप को इंदौर रेफर कर दिया गया।टक्कर इतनी तेज थी कि कार का आगे का हिस्सा बुरी तरह चपटा हो गया।

### बाइक चालक भी घायल

ग्राम कुंडला निवासी रामेश्वर रूप (40) बाइक से उन्हेल से अपने गांव जा रहा था। यह भी इस डंपर से टकराने से घायल हो गया। एसपी प्रदीप शर्मा, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, सांसद अनिल फिरोजिया, तराना विधायक महेश परमार भी अस्पताल पहुंच गए थे।

# भोपाल वन-विहार से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में आया नया मेहमान

## सीहोर में किसान के घर में घुसा था यहीं तेंदुआ

**नर्मदापुरम (नप्र)।** भोपाल के वन विहार से लाए तेंदुए को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के चूरना में छोड़ा गया। रात 1 बजे एसटीआर की टीम ने सुरक्षा के साथ तेंदुआ को छोड़ा। पिंजरे से बाहर आते ही तेंदुआ दौड़ते हुए सुखी घास से होते हुए अंधेरे में चला गया। एसटीआर में तेंदुआ को छोड़ने से तेंदुआ के




कुनबे में एक ओर सदस्य बढ़ गया। एसटीआर की टीम ने मंगलवार रात को इस तेंदुए को भोपाल वन विहार से लेकर आई थी। इस मादा तेंदुआ की उम्र 3 साल है। पिछले महीने सीहोर जिले के लाड़कुई के ग्राम किशनपुर में एक किसान प्रहलाद सिंह के घर में ये तेंदुआ घुस गया था। ग्रामीणों ने तेंदुए को घर में घुसते हुए देख लिया। जिससे ग्रामीण दहशत में हो गए थे। ग्रामीणों ने तेंदुए को भगाने के लिए शोर मचाया। शोर से तेंदुए डर गया, लेकिन भागा नहीं। वो घर में छुपा रहा। तेंदुआ घर में बने ओटले पर जाकर बैठ गया। तेंदुए ने किसी को भी न हानि पहुंचाई और न ही तेंदुए को कोई हानि हुई थी। वन विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर उसे वन विहार भोपाल भेज दिया था। तेंदुआ को एसटीआर में छोड़ने की कुछ दिन से तैयारी चल रही थी।

# नरसिंहपुर में भाई-बहन नर्मदा नदी में डूबे, मौत

## सोकलपुर घाट पर लोगों ने 3 बच्चों को बचाया; जांच में जुटी पुलिस

**नरसिंहपुर (नप्र)।** नरसिंहपुर में दो सगे भाई-बहन की नर्मदा नदी में डूबने से मौत गई। उनके साथ 3 बच्चे और थे, वहां मौजूद लोगों ने उन्हें बचा लिया। घटना सुबह करीब 7 बजे जिले के साईंखेड़ा में नर्मदा नदी के तट पर बने सोकलपुर घाट की है। जानकारी के अनुसार ग्राम खुरसींपार के ग्रामीण वैशाख माह की अमावस्या पर ट्रैक्टर ट्राली से सोकलपुर घाट स्नान करने गए थे। इस दौरान 5 बच्चे घाट पर स्नान करने लगे। पांचों गहरे पानी में चले गए। इसके बाद हर्षिता गुर्जर (12) और हर्षित गुर्जर (10) की डूबने से मौत हो गई। इनके साथ नहा रहे अनु पिता गणेश दीक्षित (15), अर्चना पिता प्रेम नारायण गुर्जर (13) और रामा पिता प्रेम नारायण गुर्जर (10) को लोगों ने डूबने से बचा लिया। दोनों बच्चों के शव का पोस्टमॉर्टम गाडरवारा सिविल अस्पताल में कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**गहरे पानी में जाने से डूबे-** मामले में साईंखेड़ा थाना टीआई संग्राम सिंह ने बताया कि सुबह करीब 7 बजे कुछ परिवार के लोग नर्मदा स्नान करने आए थे।



स्नान के बाद सभी लोग खाने खाने लगे, इस दौरान कुछ बच्चे वापस नर्मदा में स्नान करने चले गए।

इस दौरान एक ही परिवार के हर्षित और हर्षिता गहरे पानी में जाने से डूब गए। इसके बाद परिजन इन्हें निकालकर गाडरवारा अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

# देवास में अज्ञात बीमारी से दो की मौत, 70 बीमार

## कांग्रेस के ट्वीट के बाद सीएम के निर्देश पर भोपाल-इंदौर से तीन टीमें पहुंचीं

**देवास/ भोपाल (नप्र)।** देवास जिले की टोंक खुर्द तहसील के खेड़ा माधवपुर गांव में अज्ञात बीमारी फैल गई है। इस बीमारी से अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। 70 लोग बीमार हैं। ये जानकारी कांग्रेस नेता और पीसीसी चीफ के मीडिया एडवाइजर केके मिश्रा ने मंगलवार देर रात सोशल मीडिया पर दी। इसके बाद सरकार हरकत में आई। सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर तीन टीमें खेड़ा माधवपुर गांव पहुंचीं हैं।

भोपाल के स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से दो सदस्यीय टीम में स्टेट एंटेमोलॉजिस्ट डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह और शैव्या सालम को भेजा गया है। इंदौर से दो टीमें भेजी गई हैं। एक टीम में इंदौर के सिविल सर्जन के साथ एक अन्य विशेषज्ञ हैं। इंदौर के एमजीएम



मेडिकल कॉलेज की 4 सदस्यीय टीम में डॉ. वीपी गोस्वामी और 3 रेजिडेंट डॉक्टर जांच में जुटे हैं।

**कांग्रेस नेता सबसे पहले एक्स पर दी थी जानकारी-** कांग्रेस नेता केके मिश्रा ने मंगलवार रात 9-37 बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर जानकारी दी।

### टाइफाइड और पीलिया फैलने की आशंका

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिक तौर पर मिली जानकारी के अनुसार गांव में टाइफाइड और पीलिया फैलने की आशंका है। हालांकि, विशेषज्ञों के दलों द्वारा अस्पतालों में भर्ती मरीजों के सैंपल लेकर जांच कराई जाएगी। इसके बाद ये साफ हो पाएगा कि कौन सी बीमारी फैली है। केके मिश्रा ने मामले में सरकार द्वारा उठाए कदम को लेकर बुधवार को एक्स पर आभार भी जताया।

### सीएमएचओ ने दो मौतों की पुष्टि की

मामला सामने आने के बाद मीडिया ने देवास के सीएमएचओ शिवेंद्र मिश्रा से संपर्क किया। उन्होंने बताया कि गांव में पिछले कुछ दिनों से लोगों के बीमार होने की जानकारी सामने आई है। गांव के एक व्यक्ति की तबीयत उल्टी, बुखार होने के बाद खराब हो गई थी। जिसे उज्जैन के आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान 26 अप्रैल को उसकी मौत हो गई। इसके बाद एक अन्य व्यक्ति की मौत 3 मई को इसी गांव में हुई है।

# मतदानकर्मियों को ला रही बस में लगी आग

## बैतूल के मुलताई में हादसा, 4 ईवीएम जलीं, पोलिंग टीम ने खिड़कियों से कूदकर जान बचाई

**बैतूल (नप्र)।** बैतूल में ईवीएम और मतदानकर्मियों को लेकर लौट रही बस में आग लग गई। इसमें 4 ईवीएम जल गई हैं। हादसा साईखेड़ा थाना क्षेत्र के सोनोरा गौला के पास मंगलवार रात 11 बजे हुआ। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। कर्मचारी खिड़कियों के कांच तोड़कर कूद गए।

बस साईखेड़ा क्षेत्र में मतदान के बाद कर्मचारियों और ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) लेकर बैतूल आ रही थी। इसमें 6 मतदान केंद्रों के कर्मचारी सवार थे। पीठासीन अधिकारी मुन्नलाल ने बताया कि पोलिंग टीम ने बस की खिड़की से कूदकर जान बचाई। कुछ टीम की मशीनें जल गईं। उनके साथ रखा सामान और बैग जल गए। छह मतदान दलों के पास बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवी पैट थीं। मेरी वीवी पैट, मत पत्र, सील वगैरह जल गईं। बस ड्राइवर प्रकाश पवार ने भी कूदकर जान बचाई।

**कर्मचारियों को दूसरी बस से बैतूल लाया गया-** सूचना मिलते ही कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी और एसपी भी मौके पर पहुंचे। बैतूल, मुलताई और आठनेर से फायर ब्रिगेड को मौके पर भिजवाया गया। टीम ने जैसे-तैसे आग पर काबू



पाया। वहीं, कर्मचारियों और ईवीएम को लाने के लिए दूसरी बस भेजी गई। इसके बाद उन्हें बैतूल लाया गया।

**कलेक्टर बोले- चार बूथ की मशीनें जली हैं-** कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी ने बताया कि मुलताई विधानसभा क्षेत्र के छह मतदान केंद्रों की कुछ सामग्री जली है। मतदान दल सुरक्षित हैं। लोग कांच तोड़कर बस से निकले। एक कर्मचारी को चोट आई है। दो मतदान केंद्र की मशीनें सुरक्षित हैं। चार केंद्रों में से कुछ की मशीनें और वीवी पैट जली हैं। चुनाव आयोग और सीईओ मध्यप्रदेश को रिपोर्ट भेज रहे हैं। ऑब्जर्वर को भी रिपोर्ट दी है। आयोग से निर्देश आने के बाद चार मतदान केंद्रों को लेकर आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

कलेक्टर का कहना है कि बस लंबा सफर तय कर चुकी थी। अचानक स्टीयरिंग और इंजन के पास आग लगी और तेजी से फैल गई। यह सामान्य घटना है। इसके पीछे किसी की कोई दुर्भावना नहीं थी, इसलिए किसी की जिम्मेदारी भी तय नहीं कर सकते। बस नई थी, इसलिए ड्राइवर और बस मालिक को कोई दोष नहीं दे सकते।

**बैतूल-हरदा लोकसभा में 8 विधानसभा सीटें हैं-** बैतूल-हरदा लोकसभा में 8 विधानसभा हैं, जिनमें बैतूल जिले की 5 बैतूल, मुलताई, घोड़ाडोंगरी, भैंसदेही और आमला शामिल है। वहीं, हरदा जिले से 2 हरदा, टिमरनी और खंडवा जिले से हरसूद सीट भी इसमें आती हैं। बैतूल जिले में 1581 मतदान केंद्र बनाए गए थे, जबकि हरदा जिले के हरदा और टिमरनी के अलावा खंडवा जिले के हरसूद में 774 केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

### बस के गियर बॉक्स से भड़की आग

बताया जा रहा है कि बस के गियर बॉक्स में आग लगी, जो तेजी से फैली। आग देख ड्राइवर प्रकाश ने मतदानकर्मियों को तत्काल नीचे उतरने का कहा और बस धीमी कर नीचे कूद गया। बस में मुलताई विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक 275 रजापुर, 276 डूंडर, 277 गेहूंबारसा 1,278 गेहूंबारसा 2, 279 कुंदारैयत और 280 चिखली माल मतदान केंद्र के मतदान कर्मी सवार थे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया, घटना की रिपोर्ट बनाकर चुनाव आयोग को भेज दी गई है। चुनाव आयोग तय करेगा कि इन मतदान केंद्रों पर रिपोलिंग कराना है या नहीं।

आरकेएमपी री-डेवलपमेंट

# प्लेटफॉर्म 4 और 5 की लबांई 120 मीटर बढ़ेगी, 5 ट्रेनों को मिलेगा हाल्ट, वंदे भारत शुरू होने की भी संभावना

**भोपाल (नप्र)।** आरकेएमपी में गोवा-तमिलनाडु, केरल समेत दो राजधानी एक्सप्रेस को यहां हाल्ट देने की तैयारी चल रही है। इसके तहत प्लेटफॉर्म नंबर-4 व 5 की लंबाई 120 मीटर तक बढ़ाई जाएगी। यह ट्रेनें 24 व 26 कोच की हैं। वर्तमान में यह दोनों ही प्लेटफॉर्म करीब 530 मीटर लंबे है, जिस पर अधिकतम 22 कोच की ट्रेन प्लेस हो सकती है। इन प्लेटफॉर्म से पुणे-मुंबई के लिए वंदे भारत शुरू होने की संभावना है।

री-डेवलपमेंट के बाद से आरकेएमपी पर लगातार ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग चल रही है। भेल क्षेत्र में रहने वाले डेढ़ लाख लोगों के अलावा होशंगाबाद रोड की नई कॉलोनियों से लेकर नए शहर के इतने ही रहवासियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा ट्रेनों के हाल्ट के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। रेल मंडल के एसीएम और प्रवक्ता नवल अग्रवाल का कहना है कि आरकेएमपी पर प्लेटफॉर्म नंबर- 4 व 5 की लंबाई बढ़ाने का काम मंजूर हो गया है। जल्द इसका काम शुरू होगा।

### इस तरह हो जाएंगे प्लेटफॉर्म

आरकेएमपी के प्लेटफॉर्म नंबर-4 व 5 अभी 530 मीटर का है। लंबाई बढ़ाकर इसे करीब 650 मीटर का बना दिया जाएगा। वहीं, प्लेटफॉर्म नंबर-2 व 3 करीब 625 मीटर का है। जबकि प्लेटफॉर्म नंबर-1 की लंबाई सबसे ज्यादा करीब 700 मीटर है। वर्तमान में प्लेटफॉर्म नंबर-1 से लेकर 2 व 3 पर 24 व 26 कोच की ट्रेन प्लेस हो जाती है। लेकिन 4 और 5 नंबर पर प्लेस नहीं हो पातीं। इसलिए लंबाई बढ़ाई जा रही है।

दैनिक
# सद्भावना पाती
...प्राणियों में सद्भावना हो...



## हाथीपाला पुल का काम हुआ बंद, वाहन चालक भी हो रहे हैं परेशान

**इन्दौर।** पिछले डेढ़ सालों से हाथीपाला पुल का काम चल रहा था, जो अब तक पूरा नहीं हो पाया है और अब एजेंसी ने काम ही बंद कर दिया है। वहां वर्षों पुराने डाकघर और लोहा मंडी जाने वाले मार्ग पर कुछ कब्जे हटाये जाने हैं। पुल बंद होने से वाहन चालकों की फजीहत हो रही है और उन्हें हर रोज लंबी दूरी का रास्ता नापना पड़ रहा है। डेढ़ साल पहले करीब 5 करोड़ की लागत से नगर निगम ने वर्षों पुराने हाथीपाला पुल को तोडक़र नया बनाने का काम शुरू कराया था। सबसे ज्यादा समय वहां लाइनों को शिफ्ट करने में लगा और उसके बाद कई बार काम रोकना पड़ा। पुल बंद करने के बाद वाहन चालकों के लिए चंपाबाग और सियागंज वेयर हाउस रोड वैकल्पिक मार्ग के रूप में है, लेकिन वहां भी सडक़ तक कब्जों के कारण दिनभर जाम की नौबत बनती है, वहीं हाथीपाला पुल का अधिकांश काम पूरा कर लिया गया है और कुछ हिस्सों में ही काम बाकी है। पेमेन्ट नहीं होने को लेकर ठेकेदार ने काम पूरी तरह बंद कर दिया है, जिसके कारण अब तक यही स्थिति बनी हुई है। क्षेत्रीय पार्षद रूपा दिनेश पांडे के मुताबिक ठेकेदार और निगम अफसरों को कई बार काम पूरा कराने के लिए कहा गया, लेकिन तमाम दिक्कतें बनी हुई है, वहीं हाथीपाला पुल के लिए वर्षों पुराने पोस्ट आफिस और लोहा मंडी के आसपास के हिस्सों में कई बाधाए हटाई जाना बाकी है, तब जाकर पुल पूरा होगा।

## अक्षय कांति बम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची कांग्रेस

**इंदौर।** इंदौर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम कुछ दिनों पहले ही अपना नामांकन वापस लेकर भाजपा में शामिल हुए। उनके भाजपा में शामिल होने के बाद से ही सियासी पारा चढ़ा हुआ है। अब इस मामले में कांग्रेस ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इंदौर से सब्स्टीट्यूट कैंडिडेट और कांग्रेस नेता मोती सिंह पटेल ने अक्षय कांति बम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दायर की है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी क्योंकि 13 मई को इंदौर सीट पर मतदान होना है।

## दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं का वाहन डंपर से टकराया, कार घुसी बिजली के खंभे में

**इंदौर।** महाराष्ट्र के श्रद्धालु उज्जैन दर्शन करने आए तो वहां से किराए की एक कार से ओंकारेश्वर दर्शन करने भी निकले, लेकिन लौटते समय हादसे का शिकार हो गए। सभी का इलाज जारी है। महाराष्ट्र के पालघर की रहने वाली 47 साल की लक्ष्मी पति किरण, पूनम पति प्रकाश, रंजना पति हर्षल, उसका बेटा मीत सहित महेश पिता शिवाजी और अन्य लोग उज्जैन महाकाल दर्शन के लिए आए थे। सभी ने उज्जैन दर्शन करने के बाद वहां से एक टवेरा कार किराए से ली और इंदौर होते हुए ओंकारेश्वर दर्शन के लिए गए। लौटते समय तेजाजी नगर क्षेत्र में एक डंपर ने उन्हें टक्कर मार दी। ।एक कार बेकाबू होकर बिजली के खंभे से जा टकराई। लसूडिया क्षेत्र स्थित स्कीम नंबर 78 में एक तेज रफ्तार कार बिजली के खंभे में जा घुसी। घटना में कार सवार को मामूली चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कार को थाने ले जाया गया।

## वोटिंग से पहले कांग्रेस का मेगा अभियान!

**इंदौर।** मध्य प्रदेश के इंदौर में कांग्रेस के बैनर तले 'लोकतंत्र बचाओ समिति' द्वारा बुधवार को नोटा जनजागरण अभियान चलाया गया. यशवंत रोड चौराहा सहित अन्य चौराहों पर गाड़ियों और बसों पर नोटा के स्टिकर लगाए जिस पर ÷मेरा वोट नोटा को÷ लिखा था. इस तरह के करीब दो लाख स्टीकर पूरे जिले में लगाए जाएंगे. इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संभागीय प्रवक्ता सन्नी राजपाल ने बताया कि नोटा को लेकर जन जागरण अभियान चलाया गया. इसके तहत शहर के यशवंत रोड चौराहा सहित अन्य चौराहों पर लोकतंत्र बचाओ समिति द्वारा टू व्हीलर, फोर व्हीलर और बसों पर नोटा का प्रचार करने के लिए स्टिकर लगाए गए. इस पर लिखा था ÷मेरा वोट नोटा को÷ नेताओं ने बताया कि यह स्टिकर पूरे शहर और जिले में दो लाख के करीब लगाए जाएंगे. जिस तरीके से बीजेपी ने कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी को चुराकर लोकतंत्र की हत्या की है. इससे पूरे देश और प्रदेश में बीजेपी की आलोचना हो रही है. वहीं उनकी वरिष्ठ नेता सुमित्रा महाजन ने भी यह कहा है कि 'मुझे लोगों के फोन आ रहे हैं कि नोटा पर वोट करेंगे, बीजेपी को नहीं करेंगे.' इससे यह साबित होता है कि बीजेपी की पूरे देश में छवि खराब हो चुकी है और अब जनता भी नोटा पर वोट करने के लिए आतुर है।

3 मई को इंदौर में वोटिंग होनी है इससे पहले कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता नोटा के समर्थन में लोगों को एकजुट कर रहे हैं इंदौर में वाहनों पर दो लाख स्टीकर लगाने की शुरुआत की गई. बता दें जो स्थिति इंदौर में बनी है, उसके बाद कांग्रेस बीजेपी पर अपने प्रत्याशी के अपहरण का आरोप लगा रही है. वहीं बीजेपी का कहना है कि लोग आगे आकर भारतीय जनता पार्टी के रीति नीति से प्रभावित हुए हैं और पार्टी ज्वाइन कर रहे हैं. इसमें आरोप-प्रत्यारोप की कोई बात नहीं है।

## इंडोनेशिया घूमने गए सीए के घर लाखों की चोरी

### पत्नी की ज्वेलरी और नगद रुपए ले गए चोर

**इंदौर (नप्र)।** इंदौर के मल्हारगंज इलाके में रहने वाले एक सीए के यहां लाखों की चोरी हो गई। उनके कपड़ा व्यवसायी साले ने केस दर्ज कराया है। सीए अपनी शादी की 25वीं सालगिरह मनाने परिवार के साथ 3 मई को इंडोनेशिया गए हैं। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक रामचंद्र नगर एक्सटेंशन में रहने वाले सीए देवेन्द्र बंसल के यहां चोरी की वारदात हो गई। उनके साले मनीष अग्रवाल ने केस दर्ज कराया है। मनीष ने बताया कि उनकी मां मंगलवार दोपहर जानकारी दी कि जीजा देवेन्द्र बंसल के यहां चोरी हो गई। वह मौके पर पहुंचे तो दरवाजे के ताले टूटे थे। अंदर सामान बिखरा पड़ा था। कमरे में पहुंचे तो अलमारी से आभूषण के बॉक्स खाली मिले।

# प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच राहत की बारिश

### मौसम ने फिर मिज़ाज बदले: कई जिलों में गिरे ओले, इंदौर, भोपाल, रतलाम, खरगोन में बारिश





**इंदौर।** मप्र में बुधवार को मौसम के कई रंग देखने को मिले। कुछ जिले हीट वेव की वजह से परेशान रहे तो कुछ जिलों में बारिश और ओलावृष्टि हुई। इंदौर में सुबह तेज गर्मी पड़ी और दोपहर में कई क्षेत्रों में पानी गिरा। मंदसौर, भोपाल, खरगोन, रतलाम और उज्जैन में भी कई जगह पानी गिरा। खंडवा में बूंदाबांदी हुई। विदिशा में ओलावृष्टि हुई और करीब 10 मिनट तक बारिश के साथ ओले गिरे। आगर मालवा जिले में सुबह से ही बादल छाए रहे और दोपहर बाद तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अभी दो दिन प्रदेश में इसी तरह का मौसम रहेगा। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान गुना में 43.7 दर्ज किया गया न्यूनतम तापमान मलाजखंड में 19.1 रहा।

#### आज के लिए इन जिलों में चेतावनी

बारिश - सिहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, धार, इंदौर, देवास, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट और पांढुर्णा और रीवा संभाग के जिलों में।

लू - गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, दतिया, भिंड, मुरैना, पन्ना, दमोह, सागर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में।

ओलावृष्टि - रीवा संभाग के जिलों में, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट और पांढुर्णा जिलों में।

#### प्रदेश के प्रमुख शहरों का तापमान

| | |
|---|---|
| इंदौर | - 40.8 |
| भोपाल | - 40.8 |
| जबलपुर | - 39.8 |
| ग्वालियर | - 42.7 |

## नोटा का असर: घबराई भाजपा, पार्टी की महिला पार्षद ने ऑटो रिक्शा के पीछे लगे नोटा अभियान के पोस्टर हटवाए




**इंदौर।** इंदौर में लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय कांति बम के नामांकन वापस लेने और भाजपा में शामिल होने के बाद बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। कांग्रेस का अब यहां पर कोई भी प्रत्याशी नहीं है और कांग्रेस लोगों से नोटा पर वोट देने की अपील कर रही है।

कांग्रेस की इस मुहिम से अब भाजपा नेता परेशान दिखने लगे हैं। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की विधानसभा एक के वार्ड छह से पार्षद संध्या यादव का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में पार्षद संध्या ऑटो रिक्शा के पीछे लगे नोटा अभियान के पोस्टर को हटाती हुई दिख रही हैं। बुधवार को कांग्रेस नेत्री शोभा ओझा ने यह वीडियो ट्वीट किया है। कांग्रेस ने इसे तानाशाही बताया है। वहीं पार्षद का कहना है कि एक जागरूक नागरिक के तौर पर उन्होंने यह पोस्टर हटाया। जनता कांग्रेस को 13 मई को जवाब देगी। वहीं मामले में कांग्रेस नेत्री शोभा ओझा ने कहा कि ये तानाशाही है। इस तरह से भाजपा के द्वारा लोगों को डराया जा रहा है। लोग खुलकर नोटा को सपोर्ट कर रहे हैं।

#### पार्षद ने कहा 50 रुपए देकर कांग्रेस ने लगवाया पोस्टर

वीडियो में पार्षद यादव ऑटो चालक से कह रही हैं कि मोदीजी को वोट नहीं दोगे। ये नोटा क्या है। पार्षद के साथ मौजूद व्यक्ति ने भी कहा कि मोदीजी ने इतना कुछ किया है। दूसरे ऑटो रिक्शा में भी यदि पोस्टर लगे हों तो उसे भी हटा दें। वीडियो इंदौर में एरोड्रम थाने के सामने का है। संध्या यादव ने कहा कि एक जागरूक नागरिक के तौर पर उन्होंने ऑटो रिक्शा से पोस्टर हटाया। रिक्शा चालक से जब पूछा तो उसे पता ही नहीं था कि नोटा क्या है। उसे कांग्रेसियों ने 50 रुपए दिए थे और कहा था कि थोड़ी देर पोस्टर लगे रहने देना। बाद में हटा देना। नोटा कोई उम्मीदवार तो नहीं है। जिस प्रकार स्वच्छता में इंदौर नंबर वन आया है, उसी तरह मतदान में भी नंबर वन आएगा। कांग्रेस जनता को भ्रमित कर रही है।

#### ताई पर मैं कुछ नहीं कहूंगी

पार्षद संध्या ने कहा कि अक्षय बम ने भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी जॉइन की है। अक्षय बम के भाजपा में आने पर ताई के विरोध को लेकर पार्षद यादव ने कहा कि ताई हमारी वरिष्ठ नेता हैं, उनके बारे में मुझे कुछ भी नहीं कहना है।

## ड्रेनेज के लिए खोदी सड़कें, मरम्मत नहीं होने पर लगी 6 लाख की पेनल्टी

**इंदौर।** मध्य क्षेत्र के कई इलाकों में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत ड्रेनेजकी नई लाइनें बिछाने का काम शुरू किया गया है। इसके चलते अब तक 25 से 30 इलाकों में सड़कें खोदी जा चुकी हैं। कई जगह काम पूरा हो चुका है और कई जगह जारी है। जिन स्थानों पर काम पूरा हो गया, वहां सडक़ों के सुधार कार्य के निर्देश दिए गए थे, लेकिन लापरवाही पर दो फर्मों पर 6 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई गई है। मध्य क्षेत्र की कई प्रमुख सडक़ों का ड्रेनेज के कारण कबाड़ा हो चुका है।मध्य क्षेत्र के इलाकों में वर्षों पुरानी ड्रेनेज लाइनों को बदलने और नई बड़ी लाइनों से जोड़ने का काम शुरू किया गया था। इसके चलते सबसे पहले मच्छी बाजार, गौतमपुरा, आड़ा बाजार, पंढरीनाथ, कबूतरखाना, यशवंत रोड, राम-लक्ष्मण बाजार सहित राजमोहल्ला, जवाहर मार्ग, यशवंत रोड पर यह काम शुरू किया गया था। अधिकारियों के मुताबिक इसके लिए स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ने तीन अलग-अलग फर्मों विक्ट्री वन, लैंडमार्क और ईश्वर सिंह की फर्म को काम सौंपे थे। तीन अलग-अलग फर्मों को काम सौंपे जाने की यह कोशिश थी कि काम बारिश के पहले पूरे कर लिए जाएं, लेकिन अभी कई इलाकों में धीमी गति से ही काम चल रहा है। वर्तमान में कागदीपुरा, चौथी पल्टन पुलिस लाइन, साल्वी बाखल और कबूतरखाना की बैकलाइनों में काम चल रहा है। जिन स्थानों पर लाइन बिछाने के काम पूरे हो चुके हैं, वहां सडक़ों की मरम्मत के लिए संबंधित एजेंसियों को सुधार कार्य पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी के चलते लापरवाही पर विक्ट्री वन और लैंडमार्क कंपनी को नोटिस जारी किए गए थे। उसके बावजूद सुधार कार्य पूरे नहीं होने पर तीन-तीन लाख की पेनल्टी लगाई गई।

जिन स्थानों पर ड्रेनेज लाइनों के लिए सडक़ें खोदी गई हैं, वहां बारिश के पहले तक काम पूरे करने की कोशिश चल रही है, ताकि बारिश के दौरान दिक्कतें न आएं। वर्तमान में राजमोहल्ला से लेकर चौथी पल्टन, छत्रीबाग, कागदीपुरा में चल रहे काम को जल्द से जल्द पूरा करने का टारगेट दिया गया है और अफसरों की टीमें मॉनिटरिंग भी कर रही हैं, ताकि वहां नई लाइनें बिछाने के काम बारिश के पहले पूरे हो सकें। बारिश के चलते आने वाले दिनों में अब नए स्थानों पर कहीं भी काम शुरू नही किया जाएगा। बारिश बाद सुभाष चौक, तिलक पथ और उसके आसपास के क्षेत्रों में ड्रेनेज के काम फिर शुरू कराए जाएंगे।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए ट्रांसजेंडर भी आगे आये



**इंदौर।** इंदौर में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रमों में समाज के हर वर्ग की उत्साहपूर्वक भागीदारी सामने आ रही है। ऐसा ही एक उदाहरण आज कलेक्टर कार्यालय में देखने को मिला। यहां ट्रांसजेंडर वर्ग के युवा एकत्रित हुये। उन्होंने मतदान जागरूकता संबंधी स्लोगन की तख्तिया अपने हाथों में थाम कर मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया तथा उन्हें मतदान के लिए जागरूक किया। उन्होंने मतदाताओं से आग्रह किया कि 13 मई को मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि मतदान करोगे तो कल है, वर्ना सब विफल है।

## कई नेता पहुंचेंगे प्रचार करने, मतदान प्रतिशत बढ़ने के बाद अब चौथे चरण का टारगेट

**इंदौर।** प्रदेश में तीसरे चरण का मतदान निपटने के बाद अब भाजपा और कांग्रेस ने चौथे और अंतिम चरण की 8 सीटों पर तैयारी शरू कर दी है, जहां 13 मई को मतदान होना है। हालांकि गर्मी दोनों ही दलों के लिए चुनौती साबित हो सकती है, जिसके चलते मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का टारगेट पूरा करना मुश्किल हो सकता है। इंदौर में भाजपा पहले 8 लाख का लक्ष्य लेकर चल रही थी, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी के पाला बदलने के बाद लक्ष्य को बढ़ा दिया गया है। अब लगातार बड़े नेताओं की सभा करने की तैयारी भी की जा रही है।

चौथे चरण में मालवा-निमाड़ की इंदौर सहित देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा की लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। इंदौर में पिछले लोकसभा चुनाव में 69 प्रतिशत के आसपास मतदान हुआ था, जिसमें से लालवानी को साढ़े पांच लाख से अधिक वोटों से कांग्रेस के पंकज संघवी से बढ़त मिली थी। भाजपा ने इसे बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है, ताकि भाजपा प्रत्याशी को अधिक से अधिक वोटों से जीत दिलाकर इंदौर में हुए ऑपरेशन लोटस की सफलता बताई जा सके। कल हुए तीसरे चरण के चुनाव में मतदान प्रतिशत बढने से नेताओं की बांछें खिल गई हैं, क्योंकि जहां-जहां मतदान हुआ वहां गर्मी का असर था। इसी को लेकर अब इंदौर सहित आठों लोकसभा सीटों पर तैयारी की जा रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले कुछ दिनों में हीट वेव की आशंका भी जताई है। ऐसे में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाना चुनौती साबित हो रहा है।

इंदौर जैसी लोकसभा सीट पर फिलहाल कोई मुकाबला नहीं है। बावजूद इसके भाजपा प्रत्याशी शंकर लालवानी ने कम मतदान की आशंका के चलते 8 लाख का टारगेट पूरा नहीं होने पर शंका जताई है। संगठन भी इस काम में लगा हुआ है। प्रदेश की दूसरी सीटों पर मतदान समाप्त होते ही इंदौर लोकसभा पर मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान जैसे नेताओं की सभा की डिमांड भेजी गई है। वहीं कांग्रेस का प्रत्याशी मैदान में नहीं होने के चलते कांग्रेस ने कोई प्लान नहीं बनाया है।

## भगौड़ों की तलाश में जगह-जगह छापे,पुरानी फाइलों को भी खंगालने में जुटी पुलिस

**इंदौर।** निगम के बहुचर्चित फर्जी बिल घोटाले में शासन की जांच कमेटी के तो कल तक अते-पते नहीं थे। दूसरी तरफ निगम की लेखा शाखा दो और उजागर हुई फर्मों क्रिस्टल और ईश्वर की कुंडली भी तैयार करने में जुटी है, क्योंकि पुलिस ने भी इन फर्मों की जानकारी मांगी है। दूसरी तरफ ठगोरे ठेकेदारों की पुलिस रिमांड कोर्ट से 10 मई तक और मिल गई, जो इन फर्मों की पुरानी फाइलों को भी पुलिस द्वारा खंगाला जा रहा है। नगर निगम के भगोड़े इंजीनियर अभय राठौर की तलाश में कई ठिकानों पर छापे भी मारे गए और आज उस पर घोषित ईनाम की राशि भी पुलिस बढ़ाकर 25 हजार तक कर सकती है। पुलिस ने कल निगम के ही एक और कर्मचारी, जो कि लेखा शाखा में आवक-जावक का काम देखता है, उसे भी आरोपी बनाकर गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी झोन-3 पंकज पांडे के मुताबिक इस कर्मचारी मुरलीधर से भी पूछताछ की जा रही है। साथ ही हस्ताक्षरों का दूसरा सेट भी जांच के लिए भेजा जा रहा है। पूर्व में भेजे गए पहले सेट की अभी रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है। पांडे के मुताबिक निगम के इंजीनियर अभय राठौर, जो कि फिलहाल फरार है और उन पर 10 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित कर रखा है। उसकी सिरगर्मी से तलाश जारी है और घोषित की गई ईनाम की राशि भी बढ़ाई जा रही है। उसके साथ ही पुलिस गिरफ्त में आए तीन आरोपी ठेकेदार मोहम्मद जाकिर, राहुल वडेरा और निगमकर्मी राजकुमार सालवी की रिमांड अवधि खत्म होने के बाद उन्हें कल कोर्ट में पेश किया गया और पुलिस के आवेदन पर कोर्ट ने तीन दिन का और रिमांड 10 मई तक बढ़ा दिया है। इस दौरान पुलिस इन तीनों आरोपियों से इस महाघोटाले से जुड़े अन्य राज भी उगलवाएगी। वहीं अन्य आरोपियों को जेल भेज दिया था। जिन दो नई फर्मों, ईश्वर और क्रिस्टल इंटरप्राइजेस के कर्ताधर्ता इमरान खान और मौसम व्यास को जहां आरोपी बनाया है, वहीं उनकी भी अभय राठौर के साथ तलाश की जा रही है और इन पर भी 5-5 हजार रुपए का ईनाम पुलिस घोषित कर चुकी है। इन दोनों फर्मों की जानकारी भी निगम की लेखा शाखा से पुलिस ने मांगी है, ताकि पता लग सके कि इन फर्मों के जरिए कितने करोड़ का घोटाला किया गया। वैसे भी निगम का यह महाघोटाला 125 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुका है, जिसमें से 80 करोड़ रुपए से अधिक के भुगतान हो जाने की जानकारी भी निगम ने कबूल की है। एमजी रोड थाना प्रभारी विजयसिंह सिसोदिया के मुताबिक अभय राठौर की सम्पत्तियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही उसकी तलाश में स्थानीय ठिकानों पर भी छापे मारे गए हैं। पुलिस का यह भी कहना है कि मुख्य ठेकेदार राहुल वडेरा, जिसके बारे में कई चौंकाने वाली जानकारी हाथ लगी है, निगम इंजीनियर अभय राठौर को ही मुख्य मास्टरमाइंड बताया है। किसी अन्य अधिकारी यानी अपर आयुक्त से लेकर अन्य किसी का भी नाम इन गिरफ्त में आए ठेकेदारों ने पूछताछ में नहीं लिया है। वहीं 2018 के पहले भी इन फर्मों ने इसी तरह के घोटाले ड्रेनेज के साथ अलग-अलग विभागों में किए, उसकी भी जानकारी पुलिस द्वारा जुटाई जा रही है, क्योंकि इन पांचों ठेकेदार फर्मों का रजिस्ट्रेशन निगम में वर्ष 2010-11 से बताया गया है। शुरुआत में कुछ छोटे काम इन फर्मों ने किए और उसके बाद फर्जी बिल घोटाले को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया है। इसमें ऑडिट शाखा की सबसे बड़ी लापरवाही निगम की जांच रिपोर्ट में भी सामने आई है।

दैनिक सद्भावना पाती
इंदौर, गुरुवार 09 मई, 2024

# संपादकीय

# दिल्ली के सीएम पर सियासी फंदा

दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार और उपराज्यपाल की तनातनी कोई नई नहीं है। कथित शराब घोटाले की जांच की सिफारिश भी उपराज्यपाल ने ही की थी, जिसके दायरे में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अन्य कई लोग आए। अब दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल नए मामले में फंसते नजर आ रहे हैं। उपराज्यपाल ने गृह मंत्रालय को चिट्ठी लिख कर उनके खिलाफ खालिस्तान समर्थक चरमपंथी संगठन से पैसा लेने के मामले में राष्ट्रीय जांच एजंसी से जांच कराने की सिफारिश की है। यह सिफारिश एक व्यक्ति की सप्रमाण शिकायत पर की गई है। उस शिकायत में कहा गया है कि अरविंद केजरीवाल ने चरमपंथी संगठन 'सिख फार जस्टिस' के सदस्यों के साथ बैठक की थी, जिसमें तय हुआ था कि वे एक करोड़ साठ लाख डालर के बदले 1993 दिल्ली बम धमाकों के आरोपी देवेंदर पाल भुल्लर की रिहाई में मदद करेंगे।

**शिकायतकर्ता ने बैठक की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की थी :** अरविंद केजरीवाल के सहयोगी रहे एक व्यक्ति ने दस वर्ष पहले इस बैठक की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की थी। उसी व्यक्ति की शिकायत पर उपराज्यपाल ने जांच की सिफारिश की है। अरविंद केजरीवाल पहले ही कथित शराब घोटाले में धनशोधन मामले में जेल हैं। उस गिरफ्तारी को सर्वोच्च न्यायालय में गैरकानूनी ठहराने की कानूनी जद्दोजहद चल रही है। अगर राष्ट्रीय जांच एजंसी नए मामले की जांच शुरू करती है, तो केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हालांकि अभी तक उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है। नए मामले में उपराज्यपाल की सिफारिश के बाद आम आदमी





पार्टी ने विरोध प्रदर्शन किया है। उसका कहना है कि मुख्यमंत्री के जेल में रहने से दिल्ली की व्यवस्था पहले ही चरमरा गई है। मगर उपराज्यपाल और केंद्र सरकार को इसकी चिंता नहीं है। वे उन्हें किसी न किसी तरह जेल में डाले रखना चाहते हैं। हालांकि सिख फार जस्टिस से पैसा लेने का आरोप केजरीवाल पर पहली बार नहीं लगा है। चार वर्ष पहले दिल्ली विधानसभा चुनाव के वक्त भी यही आरोप लगा था। तब भाजपा ने खूब शोर मचाया था, मगर दिल्ली के लोगों ने उसको गंभीरता से नहीं लिया और आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत से जिताया था। फिर यही आरोप दो वर्ष पहले पंजाब विधानसभा चुनाव में भी लगा था। तब अरविंद केजरीवाल के करीबी रहे कुमार विश्वास ने यह आरोप लगाया था। मगर वहां भी इसका असर नहीं हुआ। विचित्र संयोग है कि इस बार जब यह मामला उठा है, तब लोकसभा के चुनाव चल रहे हैं। इससे आम आदमी पार्टी को फिर यह कहने का मौका मिल गया है कि दरअसल, यह भाजपा का रचा सियासी फंदा है, जिसमें वह केजरीवाल को फंसाना चाहती है। मगर इस बार केवल जनता की अदालत में सफाई देने से काम नहीं चलेगा। एनआइए जांच में केजरीवाल अपने पक्ष में सबूत पेश करने होंगे। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार और उपराज्यपाल की तनातनी कोई नई नहीं है। कथित शराब घोटाले की जांच की सिफारिश भी उपराज्यपाल ने ही की थी, जिसके दायरे में उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अन्य कई लोग आए। हालांकि संजय सिंह को जमानत मिल गई और अरविंद केजरीवाल को लेकर भी अदालत का रुख कुछ सकारात्मक ही नजर आ रहा है। ऐसे में पूछा जा रहा है कि उपराज्यपाल ने कहीं एक नया फंदा तो नहीं बनाया है। जो हो, अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी लगातार खुद को कट्टर ईमानदार और पारदर्शी बताते रहे हैं। इसलिए उन्हीं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी निर्दोषिता साबित करें। मगर उपराज्यपाल की पक्षधरता पर भी सवाल समाप्त नहीं हुए हैं। भ्रष्टाचार के मामलों को सियासी रस्साकशी का विषय नहीं बनाया जाना चाहिए।

## सोशल मीडिया से...



शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ उनको आत्मनिर्भर बनाये, उनके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करे। चरित्र से रहित ज्ञान को महात्मा गांधी ने पाप का दर्जा दिया है। शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति, परंपरा एवं सभ्यता के प्रति जागरूकता लाना भी है।
**द्रौपदी मुर्मू,** भारत की वर्तमान राष्ट्रपति

मेरे प्रिय साथी कांग्रेस कार्यकर्ताओं,यह चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है - ये हमारे लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई है।जब तक कांग्रेस का एक भी कार्यकर्ता सच्चाई के लिए खड़ा है, तब तक भारत में नफ़रत नहीं जीत सकती - और हम एक नहीं, करोड़ों हैं। मिलकर लड़ेंगे, जीतेंगे और देश के हालात बदल देंगे।
**राहुल गांधी** ,लोकसभा के सदस्य





अटल जी के साथ हमने कई निर्णय लिए, लेकिन उन्होंने यह कभी नहीं सोचा कि चुनाव पर इसका क्या असर पड़ेगा। लेकिन वर्तमान में हमारे प्रधानमंत्री हर कदम चुनाव को देखकर उठाते हैं। इसलिए आर्थिक क्षेत्र समेत अन्य क्षेत्रों में सरकार की नीतियां बेहद गलत हो गई हैं।
**यशवंत सिन्हा,** लोकसभा के पूर्व सांसद

एक फैशन सा बन गया है...
भारत की सनातन संस्कृति को गाली देना, भारत की ईश्वरीय सत्ता को चुनौती देना, प्रभु श्री राम और प्रभु श्रीकृष्ण के अस्तित्व को चुनौती देना,
मैं केवल यही कहूंगा कि विनाश काले विपरीत बुद्धि...
**योगी अदित्यनाथ सिंह,** सीएम उत्तर प्रदेश



## आज का कार्टून




राजवाड़ा-2-रेसीडेंसी

### बात यहां से शुरू करते हैं...

# सुमित्रा महाजन का एक झटका और सब चारों खाने चित

**अरविंद तिवारी**

सुमित्रा महाजन इन दिनों खामोश ही रहती हैं, लेकिन जब बोलती हैं, तो चारों तरफ हलचल हो जाती है। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो उनकी बात का वजन तो है। अक्षय कांति बम का नामांकन वापस होने और उनके भाजपा में शामिल होने के मुद्दे पर जैसे ही महाजन मुखर हुईं, खलबली मच गई। किला फतह करने की स्थिति में चल रहे पार्टी के नेता भी सख्ते में आ गए और बम को सफाई देने के लिए आगे आना पड़ा। इन्हीं तीखे तेवर का नतीजा था कि भोपाल और दिल्ली को भी यह समझ आ गया है कि इतना सबकुछ होने के बाद भी मामला आसान नहीं है। नतीजा अगले दिन ही देखने को मिला, सुमित्रा जी को आग्रह पूर्वक भाजपा कार्यालय बुला चुनाव को व्यवस्थित करने के लिए राय-मशविरा किया गया।

### शिप्रा साफ है, यह बताने के लिए मुख्यमंत्री को डुबकी लगाना पड़ी

करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी शिप्रा का पानी आचमन के योग्य नहीं है और इसमें स्नान करना यानि बीमारियों को बुलाना देना है। ऐसा आरोप एक नहीं अनेक बार कांग्रेस के नेता और उज्जैन के पर्यावरण कार्यकर्ता लगाते रहते हैं। उज्जैन से कांग्रेस उम्मीदवार महेश परमार ने तो कुछ दिन पहले शिप्रा में स्नान करते हुए खुद का एक वीडियो वायरल किया और कहा कि सरकार को जगाने के लिए उन्हें गंदे पानी में नहाना पड़ रहा है। चूंकि अब मुख्यमंत्री उज्जैन से ही हैं इसलिए इस आरोप को कुछ अलग ढंग से लिया गया। मुख्यमंत्री खुद दत्त अखाड़ा क्षेत्र पहुंचे, शिप्रा के पानी से आचमन किया, डुबकी लगाई और कहा कि जो लोग शिप्रा के पानी को अस्वच्छ बता रहे हैं, उन्हें यह मेरा करारा जवाब है।

### विजयवर्गीय ने दांव अभी खेला, नतीजा लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद देखने को मिलेगा

कैलाश विजयवर्गीय के खाते में संघर्ष के बाद ही यश दर्ज हो पाता है। कई बार ऐसा भी होता है कि वे अच्छा करने के लिए मैदान संभालते हैं, सफल भी हो जाते हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी में उन पर उंगली उठने लगती है। अक्षय कांति बम द्वारा नामांकन वापस लेने और फिर भाजपा में शामिल होने के बाद भी कुछ ऐसा ही होता नजर आया। प्रचारित ऐसा किया गया, मानो ऐसा करवाकर विजयवर्गीय ने पार्टी का बड़ा नुकसान करवा दिया और शहर का एक बड़ा वर्ग इस कारण भाजपा से दूरी बना लेगा। विजयवर्गीय भी कमजोर खिलाड़ी नहीं हैं और उन्हें हर तरह के दांव-पेंच आते हैं। इस बार उन्होंने जो दांव खेला है, उसका असर लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद ही देखने को मिलेगा।

### भाजपा में बड़े बबाल के बाद आखिरकार लालवानी ने मुट्ठी ढीली कर ही दी

भाजपा में ऐसा झमेला पहली बार देखने को मिल रहा है, पार्टी संगठन ने चुनाव खर्च के मामले में हाथ खड़े कर दिए हैं और उम्मीदवार शंकर लालवानी कह रहे हैं कि मैं कहां से पैसा लाऊं। अंदरखाने की खबर यह है कि लालवानी द्वारा मुकर्रर लोगों ने जो पैसा शहर से इकट्ठा किया था, वह संगठन को सौंप दिया था। संगठन का कहना है कि हमें जो पैसा मिला था, वह खर्च कर दिया। आगे का खर्च बड़ा है और जरूरी भी। इसे लेकर अभी तक बात नहीं बन पाई है। देखते हैं कैसे मामला सुलझ पाता है। वैसे पिछले दिनों हुई एक बैठक के बाद लालवानी ने अपनी मुट्ठी ढीली की है।

### कार्यकर्ताओं के हीरो तो गौरव रणदिवे ही रहे, काम आ गया मास्टर स्ट्रोक

बूथ और वार्ड स्तर के अपने छोटे-छोटे कार्यकर्ताओं को प्रधानमन्त्री की अगवानी और विदाई के मौके पर उनसे रूबरू करवाने वाले भाजपा के नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे अब उनके असली हीरो हो गए हैं। पिछले 3 साल में नगर अध्यक्ष रहते हुए गौरव ने इस तरह के कई प्रयोग की लेकिन उनका ताजा मास्टर स्ट्रोक उन्हें कार्यकर्ताओं के बीच एक नई पहचान दिलवा गया।? नेट तो प्रधानमंत्री से गाहे बगाहे मिल ही लेते हैं लेकिन किसी कार्यकर्ता को यह सम्मान मिलना बड़ी बात है।

### मैदान में आना भी कोई कम हिम्मत का काम नहीं है

आईपीएस अफसर रहे मैथिली शरण गुप्ता ने इस बार भोपाल संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा। नतीजा क्या रहेगा यह सबको पता है लेकिन जिस तरह की राजनीति इस दौर में हो रही है उसमें गुप्ता का मैदान में आना ही बड़ी बात है। जिस अंदाज में उन्होंने लोगों तक पहुंच अपनी बात रखी उसकी इन दिनों भोपाल में बड़ी चर्चा है।

### चलते-चलते

संजय शुक्ला और विशाल पटेल भले ही कांग्रेस से भाजपा में आ गए हों, लेकिन इन दिनों पूछ-परख तो उनके बाद भाजपा में आए अक्षय कांति बम की है। भाजपा के मंचों पर उन्हें न केवल स्थान मिल रहा है, बल्कि भाषण भी करवाए जा रहे हैं। इधर, विजयवर्गीय के कारण एक नंबर में संजय और मनोज पटेल के कारण देपालपुर में विशाल के पांव जम नहीं पा रहे हैं।

### पुछल्ला

इस बात की कांग्रेसियों के साथ ही शहर के लोगों के बीच भी बड़ी चर्चा है कि आखिर इतनी चोट खाने के बाद भी क्यों जीतू पटवारी अक्षय बम को लेकर चुप्पी साधे हुए हैं। बम तो सार्वजनिक तौर पर यह कहने से परहेज नहीं कर रहे हैं कि जीतू भैया तो उन्हें पूरा सहयोग मिल रहा था, बस नीचे वाले चोट कर रहे थे।

# इंदौर में कार पार्किंग विवाद में इमाम की पिटाई

## पड़ोसी ने बेटों के साथ मिलकर पीटा, टेंट लगाने को लेकर हुई थी कहासुनी

**इंदौर (नप्र)।** इंदौर के आजाद नगर में पड़ोसी और उसके बेटों ने इमाम की पिटाई कर दी। इमाम ने अपने बेटे की शादी के लिए घर के बाहर और पास के खाली प्लाट पर टेंट लगाया था। पड़ोसी यहां कार पार्क करता था। टेंट लगाने को लेकर उसने आपत्ति ली थी। आजाद नगर पुलिस के मुताबिक मोहम्मद अनवर पुत्र पीर मोहम्मद निवासी यादव नगर की शिकायत पर इख्तार खान, लियाकत खान, शौकत खान और अनिष खान के खिलाफ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक मोहम्मद अनवर ने बताया कि वह मस्जिद में नमाज पढ़ाते हैं।

उनके बेटे कासिम की शादी का प्रोग्राम था। उन्होंने मथुरा कॉलोनी सुमति नगर के खाली प्लाट पर टेंट लगाया था। सभी प्रोग्राम में व्यस्त थे। रात 11 बजे प्लाट के पड़ोस में रहने वाला इख्तार खान कार लेकर वहां पहुंचा और कहा कि यहां टेंट क्यों लगाया। यहां कार पार्क होती है।

इस पर इमाम ने कहा कि बेटे की शादी का प्रोग्राम है। कुछ देर में टेंट हट जाएगा। इस पर वह नाराज हो गया और अपशब्द कहने लगा। उसने अपने बेटों को बुलाया। इसके बाद सभी ने मिलकर मारपीट शुरू कर दी। हंगामा देखकर बेटा कासिम, साले की पत्नी शबनम, बेटा अरबाज बीच-बचाव करने पहुंचे, तो आरोपियों ने उन्हें भी पीटा। इसके बाद पत्थर भी फेंके। बाद में पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। इमाम ने इस मामले में थाने आकर केस दर्ज कराया है।

# इंदौर में लोकसभा निर्वाचन को उत्सवी रूप देने के लिए मतदान केन्द्रों पर की जायेगी विशेष साज-सज्जा

## इंदौर शहर में बनेंगे 25 आदर्श मतदान केन्द्र

**इंदौर।** इंदौर में लोकसभा निर्वाचन के लिए 13 मई को होने वाले मतदान की व्यापक तैयारियां जारी है। इंदौर में लोकसभा निर्वाचन को उत्सवी रूप देने के लिए मतदान केन्द्रों पर विशेष साज-सज्जा की जायेगी तथा मतदाताओं को अनेक सुविधाएँ भी मिलेगी। इंदौर शहर में इसके मद्देनजर 25 मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इनमें से 6 मतदान केन्द्र दिव्यांग मतदान कर्मियों द्वारा तथा 6 मतदान केन्द्र महिला कर्मियों द्वारा संचालित रहेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के निर्देशन में मतदान केन्द्रों पर सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इंदौर शहर में बनाये जाने वाले 25 आदर्श मतदान केन्द्रों पर समन्वय के लिए नगर निगम के अपर आयुक्तों को जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही प्रत्येक आदर्श मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी अधिकारी भी नियुक्त किये गये है। उन्हें निर्देश दिये गये है कि 11 मई की शाम 5 बजे तक आदर्श मतदान केन्द्र तैयार कर देवे।

इंदौर में दिव्यांगजनों द्वारा प्रबंधित आदर्श मतदान केन्द्रों में इंदौर-एक के शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या महाविद्यालय किला मैदान, इंदौर दो के आरबीटीआई अनुदेशक नगर के सामने आयटीआय सुखलिया, इंदौर-3 के इल्वा उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल लोहा मण्डी, इंदौर-4 के वैष्णव कन्या विद्यालय गुमाश्ता नगर, इंदौर-5 के श्री चेतन्य टेक्नो स्कूल रिंग रोड आईपीएस स्कूल के पास तथा राऊ विधानसभा क्षेत्र के क्वींस कॉलेज भवन लिम्बोदी मतदान केन्द्र शामिल है।

महिला पिंक आदर्श मतदान केन्द्रों में इंदौर-1 के शारदा कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बड़ा गणपति, इंदौर दो के विद्या विजय हायर सेकेंडरी स्कूल स्लाइस 4 स्कीम नम्बर 78 अरण्य, इंदौर 3 के पीएमबी गुजराती साईन्स कॉलेज नसिया रोड, इंदौर 4 के रामकृष्णबाग गणेश हाल कमरा नम्बर-3 लाबरिया भेरू, इंदौर-5 के सीपीडब्ल्यूडी उपम एफ-1 कार्यालय कमरा नम्बर-1 तथा राऊ विधानसभा क्षेत्र के माता गुजरी कॉलेज एबी रोड नर्सरी भवन बी मतदान केन्द्र शामिल है।

इसी प्रकार इंदौर-1 में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाणगंगा मेनरोड कमरा नम्बर-5 तथा रामकृष्ण मिशन विद्यापीठ कमरा नम्बर-11 वीआईपी रोड, इंदौर दो में प्रेस्टीज पब्लिक स्कूल स्कीम नम्बर-74 सी विजय नगर कमरा नम्बर-1 तथा मॉं कनकेश्वरी महाविद्यालय नंदा नगर कमरा नम्बर-1,3,4 एवं 6 के मतदान केन्द्र, इंदौर-3 में शासकीय अहिल्याश्रम एवं चंद्रावती कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 पोलोग्राउण्ड कमरा नम्बर-2, शासकीय संस्कृत महाविद्यालय सुभाष मार्ग रामबाग कमरा नम्बर-1 तथा सेंट रेफल्स उच्चत्तर माध्यमिक स्कूल ओल्ड सीहोर रोड कमरा नम्बर-1, इंदौर-4 में कसेरा बाजार विद्या निकेतन गुमास्ता नगर, इंदौर-5 में सेंटपाल स्कूल कमरा नम्बर-4 तथा मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग पश्चिम परिक्षेत्र ओल्ड पलासिया कमरा नम्बर-8 में भी आदर्श मतदान केन्द्र बनाये जा रहे हैं। उपरोक्त मतदान केन्द्रों पर आकर्षक साज-सज्जा होगी। भव्य प्रवेश द्वार बनाया जायेगा। मतदाताओं के बैठने के लिए वेटिंग एरिया भी बनेगा। पीने के ठण्डे पानी की व्यवस्था भी की जायेगी। बच्चों के लिए प्ले एरिया रहेगा। धात्री माताओं के लिए फिडिंग रूम की व्यवस्था भी की जायेगी।

### मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के उपयोग को लेकर निर्देश जारी

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर निर्देश जारी किये हैं। आयोग के निर्देशानुसार मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में केवल निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किये गये शासकीय सेवक ही मोबाइल फोन के उपयोग हेतु अधिकृत होंगे। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदान दल के पीठासीन अधिकारी एवं दल के अन्य सदस्य को मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के दौरान अपने मोबाइल फोन साइलेंट मोड में रखना होगा। वे केवल सेक्टर अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी एवं निर्वाचन प्रेक्षक से निर्वाचन सबंधी वार्तालाप अथवा अन्य अति आवश्यक परिस्थिति में मतदान केंद्र से बाहर निकलकर वार्तालाप के लिये मोबाईल फोन का उपयोग कर सकेंगे। बूथ लेवल ऑफिसर को वोटर असिस्टेंट बूथ पर तैनाती के दौरान ही अपने मोबाइल फोन के उपयोग की अनुमति होगी।





## संक्षिप्त समाचार

### विमानों के रद्द होने पर मंत्रालय ने एयरलाइन से मांगी रिपोर्ट, कहा- तत्परता से करें समाधान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** उड़ानों को रद्द करने के मामले में नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से रिपोर्ट मांगी है। विमानन मंत्रालय ने एयरलाइन से तत्परता से मामले का समाधान करने को कहा है। मंत्रालय की ओर से एयरलाइन को डीजीसीए के निर्देशों के अनुसार यात्रियों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने की सलाह भी दी गई है। इससे पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस की 80 से अधिक उड़ानों को रद्द कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, एयरलाइन के चालक दल के सदस्य बड़े पैमाने पर बीमारी का हवाला देकर छुट्टी पर चले गए हैं। ऐसे में ये उड़ाने रद्द की गई हैं। नागरिक विमानन अधिकारी इस मुद्दे पर नजर बनाए हुए हैं। बता दें, टाटा समूह की इकाई एयर इंडिया एक्सप्रेस, एआईएक्स कनेक्ट (पूर्व में एयरएशिया इंडिया) का खुद में विलय करने की प्रक्रिया में है। इसी को लेकर, पिछले कुछ समय से इस एयरलाइन के चालक दल के सदस्य नाराज चल रह रहे हैं।

### दुनिया में फसल खराब होने से हर साल 31 लाख करोड़ का नुकसान



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कीटनाशक का प्रयोग न करने से दुनिया में फसलों के खराब होने से सालाना 31.5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान होता है। 30 फीसदी फसलें नष्ट हो जाती हैं। बीएएसएफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्रमुख रूप से कपास, टमाटर, बैंगन, खीरा और मिर्च खराब होती हैं। बीएएसएफ इंडिया के कृषि सॉल्यूशन के कारोबारी निदेशक गिरिधर रानुवा के मुताबिक, कंपनी ने एफिकॉन लॉन्च किया है। इसका अभी तक केवल ऑस्ट्रेलिया में उपयोग होता है। भारत में इंसेक्टिसाइड का 47 प्रतिशत उपयोग कपास व सब्जी में होता है। कंपनी अब तक भारत में 4.73 लाख किसानों को कीटनाशकों के छिड़काव के बारे में प्रशिक्षित कर चुकी है। 23,900 महिलाएं हैं। यूपी में 10,903 व पंजाब में 11,000 किसान प्रशिक्षित किए गए हैं। कंपनी का मानना है कि भारत में कीटनाशक छिड़काव को लेकर जागरुकता बढ़ रही है।

### देश से खिलौना निर्यात में मामूली गिरावट, गुणवत्ता नियंत्रण जैसे उपायों के बावजूद खास वृद्धि नहीं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश से खिलौना निर्यात 2023-24 में मामूली घटकर 15.23 करोड़ डॉलर रहा। 2022-23 में यह आंकड़ा 15.38 करोड़ डॉलर था। हालांकि, आयात 2022-23 के 6.23 करोड़ डॉलर से बढ़कर 2023-24 में 6.49 करोड़ डॉलर पहुंच गया। आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की रिपोर्ट के मुताबिक, 2019-20 से 2021-22 तक खिलौना निर्यात 12.96 करोड़ डॉलर से बढ़कर 17.7 करोड़ डॉलर पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के खिलौना निर्यात को अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों से खास लाभ नहीं हुआ। घरेलू उपायों का उद्देश्य स्थानीय उद्योग को बढ़ावा देना था

# इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क का फिर लौट रहा गौरव: 25 से ज्यादा विद्यार्थियों के प्लेसमेंट

## केरल, पश्चिम बंगाल, ओडिशा के विद्यार्थी कर रहे पढ़ाई




**इंदौर।** रेसीडेंसी क्षेत्र में इंदौर स्कूल ऑफ सोशल वर्क की शुरुआत आजादी के बाद हो गई थी। यहां से समाज कार्य में मास्टर डिग्री करने वाले विद्यार्थी देश-दुनिया में अपना नाम कर रहे हैं। अब एक बार फिर इंदौर स्कूल और सोशल वर्क में पढने् वाले विद्यार्थियों की डिमांड देश की नामी कंपनियों में हो रही है। इस वर्ष 25 विद्यार्थियों के अभी तक प्लेसमेंट हो चुके हैं और प्लेसमेंट के लिए कंपनियों का आना अभी जारी है।सन् 1951 में इंदौर स्कूल आफ सोशल वर्क शुरू किया गया था। तब से लेकर अब तक हजारों विद्यार्थी यहां मास्टर ऑफ सोशल वर्क की डिग्री लेकर अपने भविष्य के नए पायदान पर पहुंचे। प्रिंसिपल डॉ. सीपी मैथ्यू ने बताया कि इस वर्ष 2024 में बैच पढ़ाई पूरी हो रही है। इसमें 51 विद्यार्थियों ने एमएसडब्ल्यू किया है, जिनमें से आधे विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हो चुका है। इन विद्यार्थियों को ढाई लाख से 7 लाख रुपए तक के पैकेज ऑफर किए गए हैं। केरल, पश्चिम बंगाल, ओडिशा के विद्यार्थी कर रहे पढ़ाई शिक्षा हब के नाम से मशहूर इंदौर शहर में देशभर से बच्चे अपना भविष्य संवारने और पढ़ाई के लिए आते हैं। इंदौर स्कूल आफ सोशल वर्क में केरल, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, ओडिशा, राजस्थान, गुजरात और दक्षिण भारत के कई राज्यों के विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते रहे हैं। वर्तमान में भी इन दर्जन राज्यों के विद्यार्थी यहां पर अपनी पढ़ाई कर रहे हैं। इन्हें सीएचएल हॉस्पिटल, सिप्ला प्राइवेट लिमिटेड, मेडलॉक लिमिटेड, अल्ट्राटेक प्राइवेट लिमिटेड, अंतरा फाउंडेशन, एजुकेट गर्ल, प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन, चलो मोबाइल एप्लीकेशन, डयूरो फ्लैक्स प्राइवेट लिमिटेड आदि कंपनियों ने 3 लाख से 7 लख रुपए तक पैकेज ऑफर किए हैं।

## सीयूईटी पीजी काउंसलिंग : पंद्रह मई से शुरू होंगे पंजीयन, प्रवेश प्रक्रिया 10 जून से

**इंदौर।** कामन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) पीजी की काउंसलिंग को लेकर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने पंजीयन की तारीख घोषित कर दी है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राएं पंद्रह मई से आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने पंजीयन के लिए 25 दिनों का समय रखा है। उसके बाद पहले चरण की काउंसिलिंग 10 जून से शुरू होगी, जो पांच दिनों तक चलेगी। अधिकारियों के मुताबिक काउंसलिंग का शेड्यूल 20 मई के बाद जारी किया जाएगा। मेरिट और रैंक के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में हिस्सा लेना होगा।

सीयूईटी में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से संचालित होने वाले 43 पीजी कोर्स है। 17 एमबीए, 6 एमई, एमएससी इंडस्ट्रियल माइक्रोबायोलॉजी, लाइफ साइंस, डाटा साइंस, गणित, डाटा साइंस लाजिस्टिक्स, स्टैटिसटिक्स, 3 एमटेक, एलएलएम, एम फार्मा सहित अन्य कोर्स की 1300 से ज्यादा सीटें है। ये कोर्स आइआइपीएस, आइएमएस, कामर्स, ईएमआरसी, पत्रकारिता, इकानोमिक, कम्प्यूटर साइंस विभागों से संचालित होते हैं। सीयूईटी पीजी की परीक्षा देने वाले 40 हजार विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों में रूचि दिखाई है। इनका डाटा सप्ताहभर पहले नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंप दिया है। अब इन दिनों विद्यार्थियों के स्कार कार्ड के आधार पर मेरिट और रैंक बनाई जा रही है। यह काम तीन से चार दिनों में पूरा होगा। फिर यह डाटा विश्वविद्यालय की तरफ से एमपी ऑनलाइन को भेजा जाएगा। इसके बाद एमपी ऑनलाइन पंजीयन के लिए लिंक खोलेगा। सीयूईटी समन्वयक डॉ. कन्हैया आहूजा ने कहा कि मंगलवार को सीयूईटी काउंसलिंग को लेकर बैठक हुई, जिसमें पंजीयन और पहले चरण की काउंसलिंग पर चर्चा हुई है। 10 से 15 जून के बीच पहले चरण की काउंसिलिंग करवाई जाएगी। वे बताते है कि रिक्त सीटों पर दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी।

## देवी अहिल्या विश्वविद्यालय : लोकसभा चुनाव के कारण रिजल्ट प्रभावित

**इंदौर।** लोकसभा चुनाव की वजह से देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की परीक्षाओं के बाद अब परिणाम भी प्रभावित हो गए हैं। 30 अप्रैल को जारी होने वाले स्नातक अंतिम वर्ष के रिजल्ट अब तक तैयार नहीं हुए। अब विश्वविद्यालय प्रशासन ने डेडलाइन आगे बढ़ाई है।अधिकारी और कर्मचारियों की निर्वाचन कार्यों में ड्यूटी लगने से विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब 15 मई बाद तीन



बीबीए के रिजल्ट घोषित किए जाएंगे। अधिकारियों के मुताबिक उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन नहीं हुआ है।

स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा 5 मार्च से शुरू हुई थी जिसमें बीए-बीएससी को छोड़कर बाकी पाठ्यक्रम की परीक्षा खत्म हो चुकी है। इसमें बीबीए, बीसीए, बीकॉम, बीए पत्रकारिता, बीएसडब्ल्यू आदि पाठ्यक्रम शामिल है। इनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू हो चुका है। पहले विश्वविद्यालय ने बीबीए हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन, फॉरेन ट्रेड और होटल मैनेजमेंट जैसे छोटे पाठ्यक्रम के रिजल्ट 30 अप्रैल तक जारी करने पर जोर दिया। मगर इस बीच विश्वविद्यालय के परीक्षा और गोपनीय विभाग के 80 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों की चुनाव कार्यों में ड्यूटी आ चुकी है। अब परिणाम पर असर दिखने लगा है।विश्वविद्यालय ने रिजल्ट जारी की डेडलाइन को पंद्रह से बीस दिन आगे बढ़ा दिया है। परीक्षा नियंत्रक डा. अशेष तिवारी का कहना है कि 15 से 20 मई के बीच बीबीए के रिजल्ट निकाले जाएंगे। उसके बाद 10 जून तक बीकॉम का रिजल्ट दिया जाएगा। वे बताते है कि बीए-बीएससी की परीक्षा लोकसभा चुनाव की वजह से आगे बढ़ाई है, जो 15 जून तक खत्म होगी।

## ICAI invited CA students to submit observations On Question Papers To Be Submitted By May 24

The Institute of Chartered Accountants of India (ICAI) has invited CA students to submit observations on the Chartered Accountancy exam scheduled for May 2024. Candidates who have registered for the ICAI exams scheduled for this month can submit their observations on the question paper by May 24, 2024. ICAI will consider only those observations that provide details about name of the student, registration number, roll number, email-id and mobile number.

An official notification by ICAI reads, "It is hereby informed that candidates can bring to the notice of the Examination Department, their observations, if any, on the question papers relating to Final and Intermediate Examinations being held in May 2024 by e-mail at examfeedback[at]icai[dot]in or by way of a letter, sent by Speed Post,



at the following address, so as to reach us latest by 24th May 2024."

ICAI has divided the intermediate and final examinations into two groups.

Intermediate Group 1 exams were conducted on May 3 and 5. The next exam will be held on May 9.

Group 2 exam is scheduled for May 11, 15, and 17.

The Final exams for Group 1 were held on May 2, 4, and 8, while Group 2 exams are slated for May 10, 14, and 16.


## CUET UG 2024 exam to be held from May 15 to 24

### Candidates Must Abstain From These Unfair Practices To Avoid Cancellation Of Their Exam

The National Testing Agency (NTA) will conduct the Common University Entrance Test, Undergraduate (CUET UG 2024) from May 15 to 24. This time the exam will be held in hybrid mode, comprising both Computer-Based Test (CBT) and Pen and Paper modes. Nearly 13.48 lakh candidates across 380 cities, including 26 cities outside India will appear in the undergraduate entrance test.

Introduced in 2022, the exam offers a unified opportunity for students aspiring to secure admission in any of the central universities or other participating institutions, including state universities, deemed universities, and private universities nationwide.

Candidates who will be appearing in CUET (UG) - 2024 may participate in the counselling/admission process of any university / institution/ organisation even though they have not applied for that



university/institution /organisation in the online application form of CUET (UG) – 2024. However, the candidates must fulfill the eligibility criteria of the course of the university/institution/organisation to which they are seeking admission.

Unfair means case

If a candidate indulges in any unfair practice during the course of, before, or after the examination, he/she will be charged with using unfair practices and thus would be booked under the Unfair Means (UFM) case. Such candidate would be debarred for three years in the future and will also be liable for criminal action and /or any other action as deemed fit. The result of CUET (UG) - 2024 of the candidate(s) who indulges in Unfair means Practices will be cancelled and will not be declared. Similarly, the result of those candidates who appear from the centre other than the one allotted to them or allow another candidate/person to write the exam on his behalf will be cancelled.

# गांवों के भरोसे चल रही है एफएमसीजी इंडस्ट्री रिपोर्ट तो यही बता रही है

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पैकेज्ड या प्रोसेस्ड फूड जैसे नूडल्स-पास्ता, सॉस-कैचप, मेयोनीज, आलू के चिप्स, फलों के रस, चीज, पनीर, बेवरेज, तेल साबुन, शैंपू, बिस्किट आदि फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स या एफएमसीजी के नाम से जाना जाता है। कुछ साल पहले तक इन सामानों की बिक्री अधिकतर शहरों में ही होती थी। लेकिन अब गांवों ने शहरों को पीछे छोड़ दिया है। जी हां, कंज्यूमर इंटेलिजेंस फर्म नील्सनआईक्यू की एक रिपोर्ट से तो यही अंदाजा मिल रहा है।

नील्सनआईक्यू की इस रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल जनवरी से मार्च के दौरान ग्रामीण इलाकों में पैकेज्ड फूड, बेवरेजेज, तेल, साबुन, शैंपू जैसी चीजों को बिक्री शहरी इलाकों से तेज हो रही है।



ऐसा पिछले 15 महीनों में पहली बार हुआ है। इसका संकेत तो यही है कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार है, तभी तो वहां एफएमसीजी प्रोडक्ट्स की डिमांड बढ़ी है।

### क्या क्या बिक रहे हैं ज्यादा

जनवरी-मार्च की तिमाही में एक और संकेत मिले हैं।इस दौरान फूड आइटम्स के बजाय तेल, साबुन, शेपू और टूथपेस्ट सहित पर्सनल और होम केयर प्रोडक्ट्स की बिक्री ज्यादा रही।फूड आइटम्स के मुकाबले नॉन- फूड कैटिगरी की ग्रोथ लगभग दोगुनी रही।नील्सनआईक्यू की इस रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्रामीण इलाकों में डिमांड तिमाही दर तिमाही आधार पर 7.6 प्रतिशत बढ़ी, वहीं शहरी इलाकों में इसमें 5.7 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।हेड कस्टमर सक्सेस इंडिया, रुजवेल्ट डिसूजा ने बताया कि होम और पर्सनल केयर कैटिगरीज ने फूड कैटिगरीज से बेहतर प्रदर्शन किया।नॉन-फूड सेक्टर की ग्रोथ 11 प्रतिशत रही, वहीं फूड कैटिगरी में बिक्री 4.8 प्रतिशत बढ़ी अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में फूड सेक्टर की ग्रोथ 5.4 प्रतिशत और नॉन-फूड सेक्टर की ग्रोथ 9.6 प्रतिशत थी।

### महंगाई घटेगी तो परचेजिंग पावर बढ़ेगी

बैंक ऑफ बड़ौदा के चीफ इकनॉमिस्ट मदन सबनवीस ने कहा, एफवाय24 में रियल टर्म्स में कंजम्पशन ग्रोथ 3 प्रतिशत ही थी।लेकिन महंगाई घटेगी, तो परिवारों की परचेजिंग पावर बढ़ेगी।इंडस्ट्री में कैपेसिटी यूटिलाइजेशन बढ़ने पर निवेश बढ़ेगा, जिससे रोजगार और आमदनी में बढ़त होगी।मॉनसून बेहतर रहा तो रूरल इकॉनमी मजबूत होगी।लिहाजा एफवाय25 में कंजम्पशन में सुधार की उम्मीद है।

# हल्दीराम के पीछे पड़ी हैं दुनिया की कई बड़ी-बड़ी कंपनियां

### इसमें ब्लैकस्टोन, टेमासेक और बेन कैपिटल भी शामिल हैं

### स्नैक्स मार्केट 2032 तक 95,521 करोड़ पहुंचने का अनुमान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कई दशकों से देश की नमकीन और मिठाई इंडस्ट्री पर राज कर रही कंपनी हल्दीराम में स्टेक खरीदने के लिए कई प्राइवेट इक्विटी कंपनियों में होड़ मची है। इनमें दुनिया की सबसे बड़ी प्राइवेट इक्विटी कंपनी ब्लैकस्टोन इंक , टेमासेक होल्डिंग्स लिमिटेड और बेन कैपिटल शामिल हैं। बिजनस अखबार मिंट की एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से यह दावा किया गया है। निवेशक हल्दीराम स्नैक्स फूड प्राइवेट लिमिटेड में कम से कम 51 फीसदी हिस्सेदारी खरीदना चाहते हैं। यह खरीदारी आठ से 10 अरब डॉलर की वैल्यूएशन पर हो सकती है। माना जा रहा है कि यह कंज्यूमर सेगमेंट में सबसे बड़ी डील में से एक हो सकती है।

हल्दीराम के नागपुर और दिल्ली गुटों




का मर्जर हो चुका है जिसे कंप्टीशन कमीशन ऑफ इंडिया ने पिछले साल मंजूरी दी थी। एचएसएफपीएल में हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड की 56 परसेंट और हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की 44 फीसदी हिस्सेदारी है। हल्दीराम ब्रांड की शुरुआत 1937 में गंगा बिसन अग्रवाल ने की थी। आज इसका बिजनस 100 से अधिक देशों में फैला हुआ है। कंपनी 400 से अधिक तरह के फूड आइटम्स बेचती है। इनमें नमकीन, मिठाइयां, स्नैक्स, रेडी टु ईट फूड, फ्रोजन फूड, बिस्कुट, कनफेक्शनरी, रेडी टु ड्रिंक बेवरेजेज और पास्ता आदि शामिल हैं। कंपनी भारत के बाहर भी कई देशों को एक्सपोर्ट करती है। इनमें यूरोप और अमेरिका के कई देश शामिल हैं।

### किससे है मुकाबला

रिसर्च फर्म आइएमएआरसी ग्रुप की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत का स्नैक्स बाजार 2023 में 42,694 करोड़ रुपये का था और 2032 तक इसके 95,521 करोड़ रुपये पहुंचने का अनुमान है। भारत के स्नैक्स और नमकीन मार्केट में हल्दीराम का मुख्य मुकाबला बालाजी वैफर्स, बीकानेरवाला फूड्स, आईटीसी, पार्ले प्रॉडक्ट्स और पेप्सिको आदि से है। भारत के स्नैक फूड मार्केट में हल्दीराम की हिस्सेदारी 21 प्रतिशत है जबकि पेप्सिको की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत है। इस मार्केट में करीब 3,000 छोटे और रीजनल प्लेयर्स की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट के मुताबिक हल्दीराम फूड्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड का रेवेन्यू फाइनेंशियल ईयर 2022 में 3,622 करोड़ रुपये था, जबकि हल्दीराम स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड का रेवेन्यू 5,248 करोड़ रुपये था। हल्दीराम की वैल्यूएशन वित्त वर्ष 2022 में उसके कारोबार की बिक्री के मुताबिक लगभग 83,000 करोड़ रुपये है।

# ग्राहकों को चूना लगाने वाले फर्जी रिव्यू पर लगेगी लगाम, सरकार उठाएगी सख्त कदम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले जितनी तेजी से बढ़ रहे हैं उतने ही तेजी से धोखाधड़ी के मामले भी सामने आते रहते हैं। ऐसा अक्सर देखने को मिलता है कि ग्राहक फर्जी रिव्यूज पर भरोसा करके खराब सामान खरीद लेते हैं। इस तरह के स्कैम से ग्राहकों को बचाने के लिए भारत सरकार जल्द कोई बड़ा फैसला ले सकती है। सरकार ने मंगलवार को फर्जी रिव्यू पर लगाम लगाने के लिए क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर पर परामर्श को लेकर ई-कॉमर्स कंपनियों और ऑनलाइन समीक्षाओं से जुड़े संगठनों की बैठक बुलाई। इस बात की जानकारी उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के नोटिस में दी गई।




मंत्रालय ने ऑनलाइन उपभोक्ता समीक्षा (क्वालिटी कंट्रोल) आदेश, 2024 का एक ड्रॉफ्ट भी जारी किया है। इसमें प्रोडक्ट के वेरिफाइड खरीदारों और उपयोगकर्ताओं से ही समीक्षा स्वीकार करने का प्रस्ताव किया गया है। नोटिस के अनुसार, ''गुणवत्ता नियंत्रण आदेश के तहत ग्राहकों और विक्रेताओं को जोड़ने वाली ई-कॉमर्स कंपनियों और समीक्षा से जुड़े संगठनों को निर्धारित जरूरतों के स्व-अनुपालन की घोषणा करने करने को कहा गया है।''

QCO के ड्राफ्ट में कहा गया है कि संगठन उन रिव्यूज को पब्लिश नहीं करेंगे जो खुद या सप्लायर, विक्रेता या किसी थर्ड पार्टी से खरीदी या लिखवाई गई हो।

### 15 मई को होगी बैठक

नोटिस में कहा गया है, ''संबंधित संगठन को भारतीय मानक ब्यूरो के पास रजिस्टर कराने और नियमों के अनुपालन की घोषणा करने की जरूरत है। इस संबंध में, क्यूसीओ के मसौदे पर चर्चा के लिए सचिव की अध्यक्षता में संबंधित पक्षों की बैठक 15 मई, 2024 को बुलाई गई है।''



# शर्मीले हैं तो इन बातों को अपनाएं

**कई लोगों को लगता है कि अगर करियर में सफल होना है तो आपको एक्सट्रोवर्ट होना होगा। अगर आप इंट्रोवर्ट या यूं कहें कि शर्मीले हैं तो उनके लिए कुछ चीजें जरा कठिन हो जाती है। लेकिन इसका मतलब नहीं है कि इंट्रोवर्ट होने के कारण आप करियर में सफल नहीं हो सकते। आपको अपने इस स्वभाव को समझते हुए उस पर काम करना होगा ताकि आप सफलता की सीढ़ियां चढ़ सकें। इन 5 बातों के जरिए आप अपनी जीवन को बेहतर और कामयाब बना सकते हैं**

- खुशहाल जिंदगी और एक अच्छे करियर के लिए यह जरूरी है कि आप इस बात को स्वीकार लीजिए कि आप इंट्रोवर्ट या शर्मीले किस्म के व्यक्ति हैं। इसमें कोई बुराई नहीं है और किसी से भी कम नहीं है। इंट्रोवर्ट होना आपकी कमजोरी नहीं बल्कि ताकत है।
- जो गुण आपमें हैं उसे पहचानिए, उसे निखारिए और अपने अपनाइए। आपका फोकस उस बात पर होना चाहिए कि आपमें क्या खासियत है, ना कि उस पर की आपके अंदर कौन से गुण या प्रतिभा नहीं हैं।
- करियर में सफलता के लिए आपको सबसे पहले क्षेत्र को चुनना होगा जो कि आपके स्वभाव, व्यवहार और सोच से मेल खाए। जो आपके दिल को भाता है, वह करियर चुने और यह न सोचे कि लोग क्या कहेंगे।
- इंट्रोवर्ट होना बुरी बात नहीं है लेकिन खुद को सभी से काट कर रखना गलत है। आपको अपने परिवार, दोस्तों और समाज से जुड़े रहना चाहिए। इस बात को न भूले कि आप हर काम अकेले नहीं कर सकते। आपके अंदर जो लोगों की भावनाओं को समझने का हुनर है उसे आपको अच्छे दोस्त बनाने में परेशानी नहीं होगी।
- कई बार इंट्रोवर्ट लोग एक्सट्रोवर्ट लोगों से घबराते और कतराते नजर आते हैं। एक्सट्रोवर्ट लोगों को सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बनने की आदत होती है इसका मतलब ये नहीं कि आप कमतर हैं। अपने शांत स्वभाव से आप किसी को भी पीछे छोड़ सकते हैं।



# इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग

**आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फिर चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्टिनकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग जिसमें इन दिनों युवाओं का अच्छा रुझान देखा जा रहा है।**



स्मार्टफोन, इलेक्ट्रॉनिक आइटम्स, बच्चों के खिलौने से लेकर ड्राइंग रूम के स्टाइलिश व स्मार्ट फर्नीचर्स तक आज जहां भी नजर दौड़ाए, टेक्नोलॉजी इनोवेशंस की एक से बढ़कर एक मिसालें देखने को मिल जाती है। फरि चाहे वह कोई गैजेट हो, डिजाइनर वॉच या होम अप्लायंस। ऐसे में कई बार सोचने में आता है कि इन्हें डिजाइन कौन करता है, इनका क्रिएटर ये काम प्रोडक्ट डिजाइर्स करते हैं जो कि इमेजिनेटिव पॉवर और एस्थेटिक सेंस की बदौलत टेक्टिनकल प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इंजीनियरिंग का एडवांस ब्रांच है प्रोडक्ट डिजाइनिंग जिसमें इन दिनों युवाओं का अच्छा रुझान देखा जा रहा है।

## वर्क प्रोफाइल

प्रोडक्ट डिजाइनर्स कमर्शियल मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के लिए आर्टिकल्स, प्रोडक्ट्स, मटीरियल्स डिजाइन करते हैं। कोई भी चीज डिजाइन करने से पहले ये उसकी विजुअल अपील और प्रैक्टिकल यूज का पूरा ध्यान रखते हैं। एक प्रोडक्ट डिजाइन को कार, होम अप्लायंस, कम्प्यूटर, मेडिकल इक्विपमेंट, ऑफसि या रिक्रिएशन इक्विपमेंट, खिलौने आदि कुछ भी डिजाइन करने पड़ सकते हैं। उन्हें मार्कैट रिसर्चर्स, एडवरटाइजिंग टीम और प्रोडक्शन मैनेजस से इंटरेक्ट करने के अलावा ग्राफकि डिजाइनर्स के साथ काम करना होता है।

## स्किल्स

प्रोडक्ट डिजाइनर को आर्टिस्टिक होने के साथ लॉजिकल थिंकर होना भी जरूरी है। आपके पास आउट ऑफ बॉक्स आइजिडयाज होंगे तो अलग पहचान बना सकेंगे। इसी तरह ऑब्जर्वेशन स्किल और विजुअल इमेजिनेशन बेहतरीन होनी चाहिए। आपको ड्रांइग के माध्यम से अपने आइडियाज को एक्सप्रेस करना, कंज्यूमर गुड्स के प्रोडक्शन और मार्केटिंग की समझ होनी चाहिए।

## शैक्षणिक योग्यता


अगर आपके पास आर्किटेक्चर या इंजीनियरिंग में डिग्री होगी, तो आप आईआईटी से इंडस्ट्रीयल डिजाइनिंग में मास्टर्स कर सकते हैं। इससे करियर ग्रोथ अच्छी रहेगी। वैसे, साइंस स्ट्रीम से बारहवीं करने वाले नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन या आईआईटी से इंडस्ट्रियल डिजाइन का कोर्स कर, प्रोडक्ट डिजाइनिंग की फील्ड में आ सकते हैं।

## मार्केट में अवसर

मैन्युफैक्चरिंग फर्म्स के डिजाइन डिपार्टमेंट में प्रोडक्ट डिजाइनर्स की अच्छी मांग होती है। आप इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट डिजाइनर , वॉच डिजाइनर, फुटवियर डिजाइनर, डिजिटल डिजाइनर, आदि के रूप में करियर शुरू कर सकते हैं। इसके अलावा कंसलटिंग फर्म्स में जॉब की जा सकती है।

### प्रमुख संस्थान

- इंडस्ट्रियल डिजाइन सेंटर, आईआईटी बॉम्बे
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे
- सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, पुणे





# टेक्सटाइल डिजाइनर्स के लिए बढ़ी करियर की संभावनाएं

आज भी कृषि के बाद लोगों को सबसे ज्यादा रोजगार टेक्सटाइल फील्ड में मिला हुआ है। देशवासियों की बढ़ती क्रय शक्ति तथा ब्रांडेड प्रोडक्ट के प्रति बढ़ता आकर्षण इस बात का संकेत है कि टेक्सटाइल एंड गारमेंट इंडस्ट्री में आगे भी तेजी बनी रहेगी। बीते एक दशक में रिटेल सेक्टर के विकास ने भी साबित कर दिखाया है कि उपभोक्ताओं की लाइफस्टाइल और शॉपिंग ट्रैंड्स बदल गए हैं। लोग फैशन और क्वॉलिटी प्रोडक्ट को ज्यादा तरजीह देने लगे हैं। ब्रांडेड प्रोडक्ट्स और एक्सपोर्ट की डिमांड बढ़ने से इस सेक्टर को विकास करने का मौका मिल रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 तक भारतीय टेक्सटाइल बाजार करीब दोगुना हो जाएगा। यही कारण है कि युवाओं के लिए टेक्सटाइल के सभी सबसेक्टर्स – टेक्सटाइल्स एंड अपेरल, हैंडीक्राफ्ट, सोफिस्टिकेटेड मिल,  हैंडलूम, जूट और सेरिकल्चर में काम की संभावनाएं तेजी से बढ़ेंगी। इसके अलावा, सरकार द्वारा इंडिया हैंडलूम प्रमोशन जैसी योजना शुरू किए जाने और इस सेक्टर में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से भी इस क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर रोजगार में लगातार इजाफा होता रहेगा।

## काम के अवसर

देश में गारमेंट, फैशन, ज्वेलरी, लगेज, एक्सेसरी, होम फर्निशिंग व इंटीरियर टेक्सटाइल का बाजार दिनो–दिन बढ़ रहा है, जहां टेक्सटाइल डिजाइनर्स के लिए ढेर सारे नए अवसर मौजूद हैं। ऐसे प्रोफेशनल्स की विदेश के अलावा गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों, फैशन डिजाइनिंग एजेंसियों, एक्सपोर्ट हाउस और टेक्सटाइल रिटेल जैसी फील्ड में काफी मांग है। सरकार की मदद से चल रही खादी, जूट, सिल्क और क्राफ्ट जैसी संस्थाओं में भी डिजाइनिंग प्रोफेशनल्स के लिए अच्छे अवसर हैं। ऑटोमोटव टेक्सटाइल्स, ऑटोमोबाइल सेक्टर का एक नया उभरता क्षेत्र है, जहां मोटर निर्माण कंपनियां अपनी कारों के इंटीरियर को अपीलिंग लुक देने के लिए ऐसे डिजाइनर्स की खूब सेवाएं ले रही हैं। इसके अलावा, अगर आप टेक्सटाइल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएट हैं, तो एग्रीकल्चर फील्ड में रेशम उत्पादन और कपास उत्पादन को बढ़ाने के लिए रिसर्चर की भूमिका अदा कर सकते हैं। युवा चाहें, तो डिजाइनिंग का काम पार्ट–टाइम कर सकते हैं। आप अपना खुद का बुटीक भी खोल सकते हैं। ई–कॉमर्स कंपनियों में भी क्रिएटिव लोगों को हायर किया जाता है। आप चाहें, तो ई–कॉमर्स कंपनियों के लिए वेंडर भी बन सकते हैं।

## शैक्षणिक योग्यता

टेक्सटाइल डिजाइनिंग में डिग्री, डिप्लोमा या पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा के रूप में कई कोर्स आजकल संचालित हो रहे हैं। ये कोर्स आप 12वीं के बाद कर सकते हैं। ग्रेजुएशन के बाद आप पीजी डिप्लोमा भी कर सकते हैं। अगर चाहें, तो टेक्सटाइल इंजीनियरिंग या टेक्नोलॉजी में बीई या बीटेक कोर्स भी कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन, अहमदाबाद
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली



# काम आएगी अखबार पढ़ने की आदत

**अखबार पढ़ने की आदत बैंकिंग परीक्षा के करंट अफेयर्स सेक्शन तथा इंग्लिश सेक्शन दोनों ही में आपकी मदद करेगी। इसमें न्यूनतम समय में उम्मीदवार की लॉजिकल रीजनिंग क्षमता तथा निर्णय क्षमता का आंकलन किया जाता है। साथ ही अपने आसपास की घटनाओं और अंगरेजी भाषा के ज्ञान की कसौटी पर भी उम्मीदवार को कसा जाता है। इसमें करंट अफेयर्स तो ऐसा विषय है, जिस पर आपकी पकड़ को रिटन टेस्ट ही नहीं, पर्सनल इंटरव्यू में भी जांचा जाता है। इसलिए बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को नियमित रूप से अखबार, मैग्जीन, वेब जर्नल, ब्लॉग आदि पढ़ने की आदत डालनी चाहिए ताकि वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली घटनाओं से अवगत रहें। अंग्रेजी अखबार, मैग्जीन आदि पढ़ने से इंग्लिश लैंग्वेज वाले सेक्शन में भी मदद मिलती है। जानते हैं फायदे नियमित अखबार पढ़ने के...।**

परीक्षा के लिहाज से, पढ़ने की आदत विकसित करना बहुत जरूरी है। इससे इंग्लिश लैंग्वेज पेपर को हल करने में बहुत मदद मिलती है। रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन व पैसेज वाले हिस्से में अच्छे अंक लाने के लिए अच्छी रीडिंग स्किल जरूरी है। इसका अभ्यास करने के लिए अखबार एक अच्छा मंच है। आप अखबार में जो भी पढ़ें, उसका अर्थ अच्छी तरह समझें और उसे एक कागज पर लिख लें। यह भी देखें कि ऐसा आपने कितने समय में किया।

## सेंटेंस फॉर्मेशन की जानकार

अंग्रेजी भाषा में लिखने का कोई तयशुदा फेम नहीं है। इसमें वाक्य बिल्कुल सरल भी हो सकते हैं और बेहत जटिल भी। जो उम्मीदवार खुद को इंग्लिश में कमजोर महसूस करते हैं और इस भाषा को बस अभी–अभी समझने लगे हैं, उनके लिए इंग्लिश अखबार पढ़ना बहुत ही फायदेमंद रहेगा। अखबारों में काफी सरल वाक्य रचना होती है। इन्हें पढ़कर आप एक्टिव/पैसिव वॉइस, वर्ब्स, ग्रामर, टेन्स आदि को बेहतर समझ सकते हैं।

## राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समाचार एकत्र करना

न्यूज एंड करंट अफेयर्स बैंकिंग एग्जाम्स का एक महत्वपूर्ण घटक है क्योंकि जनरल नॉलेज पेपर में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय महत्व की ताजा घटनाओं से जुड़े प्रश्न पूछे जाते हैं। आपको चाहिए कि आप रोज अखबारों में महत्वपूर्ण न्यूज आइटम चिह्नित कर लें और फिर आने वाले दिनों में इनका फॉलो–अप लेते रहें।

सबसे महत्वपूर्ण समाचारों को खास तौर पर नोट करें और परीक्षा की तैयारी करते हुए इन्हें रिवाइज करते रहें।

## इंटरव्यू राउंड में करंट अफेयर्स का लाभ

समसामयिक घटनाक्रम से अवगत रहना इसलिए भी जरूरी है कि पसर्नल इंटरव्यू राउंड में इंटरव्यू पैनल इसके प्रति आपकी जागरूकता की परीक्षा ले सकता है। यदि आप नियमित रूप से अखबार पढ़ते रहे हैं, तो इन घटनाओं की जानकारी आपको मुंह–जुबानी याद होगी।

## बढ़ता है आत्मविश्वास

रोज अखबार पढ़ने की आदत आपके आत्मविश्वास से भी भर देती है। आपको राजनीति, अर्थतंत्र, खेल आदि विषयों की जानकारी मिलती है। इससे आप रिटन एग्जाम, पर्सनल इंटरव्यू या ग्रुप डिस्कशन का सामना भी पूरे आत्मविश्वास के साथ कर सकते हैं। जानकारी होने पर आप स्पष्टता के साथ तथ्यों का विश्लेषण भी कर सकते हैं। बैंकिंग एग्जाम क्रैक करना साल–दर–साल मुश्किल होता जा रहा है। कारण यह कि सीमित संख्या के पदों के लिए आवेदन करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसकी तैयारी के लिए बहुत परिश्रम करना पड़ता है और ज्यादा से ज्यादा ज्ञान अर्जित करना पड़ता है। अखबार इस ज्ञान का बहुत ही अहम स्रोत साबित होते हैं और कई तरह से आपकी मदद करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फुटबॉल

## माराडोना को 1986 विश्व कप में मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी। अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर रहे दिवंगत डिएगो माराडोना को 1986 विश्वकप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी को नीलामी में शामिल किया गया है। अगुट्टेस नीलामी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। यह नीलामी अगले महीने फ्रांस में होगी। यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी।

### माराडोना का देहांत 2020 में 25 नवंबर को हुआ था

उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फाइनल में वेस्ट जर्मनी को 3-2 को हराकर 1986 विश्वकप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। गोल्डन बॉल ट्रॉफी 1982 विश्वकप से शुरू की गई थी और अर्जेंटीना के ही लियोनल मेसी एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार गोल्डन ट्रॉफी जीती थी।

### अंडर 20 भारतीय वॉलीबॉल टीम में मिली जगह

## खुशी ने रोशन किया औरंगाबाद का नाम



**नईदिल्ली, एजेंसी।** बिहार के औरंगाबाद शहर के गंगटी गांव की खुशी ने न सिर्फ औरंगाबाद का नाम रौशन किया है बल्कि सूबे समेत राष्ट्र को भी गौरवान्वित किया है। खुशी का चयन अंडर 20 भारतीय महिला बॉलीबॉल टीम में हुआ है। टीम में चयन होते ही परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।

खुशी को घर आते ही जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। खुशी के पिता गंगटी गांव निवासी संतोष सिंह की मौत 2016 में हो गई थी। पति के मौत के बाद परिवार का सारा दायित्व खुशी की मां पर आ गया। खुशी पढ़ाई के साथ-साथ खेल में भी बेहद रूची रखती थी। खुशी पांच भाई बहनों में सबसे छोटी है।

### आईपीएल 2024

## पानी पिलाते-पिलाते फ्रस्टेट हुआ सीएसके का स्टार खिलाड़ी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चेन्नई सुपर किंग्स टीम का माहौल बहुत शानदार है और मैनेजमेंट टीम की प्लेइंग-11 में बहुत कम बदलाव करता है। यही वजह है कि कई स्टार प्लेयर्स सिर्फ बेंच पर ही बैठ नजर आते हैं। ऐसे ही एक खिलाड़ी हैं मिचेल सेंटनर। उन्होंने इस मामले को लेकर अब खुलकर अपनी बात कही है। और अपनी नाराजगी जाहिर की।

### आईपीएल:2024

# संजू सैमसन ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ की छक्कों की बरसात

### तोड़ डाले एमएस धोनी और रोहित शर्मा के रिकॉर्ड



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन के कैच पर भले ही विवाद छिड़ा हो, लेकिन उन्होंने दिल्ली के मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ दमदार बल्लेबाजी की और दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। संजू सैमसन ने दोनों रिकॉर्ड छक्के जड़कर बनाए। एक रिकॉर्ड अपने नाम किया, जबकि एक रिकॉर्ड की उन्होंने बराबरी की। वे आईपीएल में सबसे तेज छक्कों का दोहरा शतक जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज संजू सैमसन आईपीएल के इतिहास में सबसे कम पारियों में 200 छक्के जड़ने वाले भारतीय बल्लेबाज बने हैं।

संजू सैमसन ने 159 पारियों में 200 छक्कों का आंकड़ा पार किया, जबकि उनसे पहले एमएस धोनी के नाम पर ये रिकॉर्ड दर्ज था। एमएस धोनी ने 165 पारियों में 200 छक्के आईपीएल में जड़े थे। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहला छक्का जड़ते ही उन्होंने आईपीएल में 200 छक्के पूरे कर लिए थे। इतना ही नहीं, संजू सैमसन ने रोहित शर्मा का भी एक रिकॉर्ड धराशायी कर दिया। रोहित शर्मा ने 11 बार आईपीएल के इतिहास में एक मैच में 5 या इससे ज्यादा छक्के जड़े हैं, जबकि संजू सैमसन ने 12वीं बार ये कमाल कर दिखाया। उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 6 छक्के जड़े। हालांकि, इतनी ही बार केएल राहुल ने भी आईपीएल में एक पारी 5 या इससे ज्यादा छक्के जड़े हैं।

ऋषभ पंत 9 बार और एमएस धोनी 8 बार ये कमाल करने में सफल हुए हैं। संजू सैमसन की बात करें तो उन्होंने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल 2024 के 56वें लीग मैच में 46 गेंदों में 8 चौके और 6 छक्कों की मदद से 86 रन बनाकर आउट हुए। उनका स्ट्राइक रेट इस पारी में 186.96 का था। अगर वे विवादित तरीके से आउट नहीं दिए जाते और वह छक्का होता तो निश्चित रूप से मैच का नतीजा अलग हो सकता था

## मार्श टी20 विश्व कप में गेंदबाजी करेंगे: मैक्डोनाल्ड



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने खुलासा किया कि टी20 विश्व कप के कप्तान मिचेल मार्श टीम के कैरेबियाई दौरे से पहले अंतिम सप्ताह तक गेंदबाजी करने के लिए फिट नहीं हैं, लेकिन टी20 विश्व कप से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण मार्श 3 अप्रैल को आईपीएल 2024 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए हुए मुकाबले के बाद से एक्शन से बाहर हैं। वह अपनी रिकवरी शुरू करने के लिए भारत से पर्थ वापस घर आ गए। अगले दो हफ्तों में मार्श ब्रिस्बेन में दो तीन दिवसीय प्री-टूर्नामेंट प्रशिक्षण शिविरों में से पहला शिविर ऑस्ट्रेलियाई टीम के उन सदस्यों के साथ बिताएंगे जो आईपीएल में नहीं खेल रहे हैं, इससे पहले कि टीम 25 मई को मेगा इवेंट के लिए कैरेबियाई रवाना हो जाए।

हालांकि पिछले दो दिनों में मार्श की हैमस्ट्रिंग काफी हद तक ठीक हो गई थी जिससे उन्हें नेट्स पर बल्लेबाजी करने का मौका मिला। हालांकि, मैक्डोनाल्ड को लगता है कि उन्हें गेंदबाजी क्रीज पर लौटने में अभी भी कुछ सप्ताह का समय बाकी है क्योंकि मार्श की रिकवरी उम्मीद से थोड़ी धीमी है। मैक्डोनाल्ड के हवाले से कहा, वह अच्छी प्रगति कर रहा है। शायद उम्मीद से थोड़ा धीमा।

# तीन साल में पहली बार घरेलू प्रतियोगिता में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है और इस तरह से यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा जबकि यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है।

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया, 'प्रविष्टियों के अनुसार नीरज चोपड़ा और किशोर कुमार जेना भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। हांगझोउ एशियाई खेलों में चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे। चोपड़ा ने इससे पहले आखिरी बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था.

# 16 अंकों के बावजूद राजस्थान नहीं कर पाई प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई, जीत से दिल्ली को फायदा

### आईपीएल की अंक तालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 11 | 08 | 03 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान रॉयल्स | 11 | 08 | 03 | 16 | +0.476 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 11 | 06 | 05 | 12 | +0.700 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 11 | 06 | 05 | 12 | -0.065 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 12 | 06 | 06 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ सुपर जाएंट्स | 11 | 06 | 05 | 12 | -0.371 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 11 | 04 | 07 | 08 | -0.049 |
| पंजाब किंग्स | 11 | 04 | 07 | 08 | -0.187 |
| मुंबई इंडियंस | 12 | 04 | 08 | 08 | -0.212 |
| गुजरात टाइटंस | 11 | 04 | 07 | 08 | -1.320 |



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौजूदा समय में कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2024 की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी है। टीम के खाते में 16 अंक हैं और उनका नेट रनरेट 1.453 का है। केकेआर लगभग प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। आईपीएल 2024 के 56 मुकाबले खेले जा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी भी टीम में प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं किया है। इस बीच दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ जीत के साथ अंक तालिका में पांचवां स्थान हासिल कर अपनी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदों को जिंदा रखा है।

मंगलवार को आईपीएल 2024 का 56वां मैच दिल्ली कैपिटल्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला गया। इस मुकाबले में पंत की टीम ने 20 रनों से जीत दर्ज की। इस मुकाबले में मिली हार के बाद भी राजस्थान की टीम अंक तालिका में दूसरे पायदान पर बनी हुई है। टीम के खाते में 16 अंक और +0.476 नेट रनरेट है। हालांकि, अब तक राजस्थान प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई है लेकिन टीम के प्लेऑफ में पहुंचने के चांस प्रबल हैं। संजू सैमसन की टीम को अभी तीन मुकाबले और खेलने हैं।

### केकेआर शीर्ष पर

मौजूदा समय में कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2024 की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी है। टीम के खाते में 16 अंक हैं और उनका नेट रनरेट 1.453 का है। केकेआर लगभग प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। टीम को अभी तीन मैच और खेलने हैं। 11 मई को टीम मुंबई से भिड़ेगी जबकि 13 और 19 मई को टीम का सामना क्रमशः गुजरात और राजस्थान से होगा।

अंक तालिका में तीसरे स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स है जिसने 11 मैचों में से छह में जीत का स्वाद चखा है। वहीं, टीम को पांच मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। फिलहाल सीएसके के खाते में 12 अंक हैं और नेटरनेट 0.700 का है। हैदराबाद की टीम 12 अंकों के साथ चौथे पायदान पर है।

**नोट: यह आंकडे 07 मई-2024 तक के है।**

# लड़की तू कमाल की, बीच IPL में इस अभिनेत्री के साथ जमकर थिरके रसेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल बहुत जल्द आपको बॉलीवुड में नजर आएंगे। उनका एक गाना नौ मई को रिलीज होगा जिसमें वह टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री अविका गौर के साथ मस्ती में झूमते नजर आएंगे। इस गाने का टीज़र सोशल मीडिया पर अब वायरल हो रहा है जिसमें स्टार खिलाड़ी को अलग अंदाज में देखा जा सकता है।

**नौ मई को रिलीज होगा रसेल का नया गाना**

रसेल के नए गाने का नाम लड़की तू कमाल की है जिसमें पलक मुच्छल ने भी अपनी आवाज दी है। वहीं, म्यूजिक वीडियो को मशहूर गायिका के भाई पशाल मुच्छल ने डॉयरेक्ट किया है। वेस्टइंडीज के खिलाड़ी ने इसके लिए भारतीय आउटफिट पहना है। उन्होंने एक लुंगी और शर्ट पहनी है। वहीं, अभिनेत्री



ने नीले रंग की साड़ी पहन रखी है। दोनों मस्ती भरे अंदाज में इस गाने पर नाचते नजर आ रहे हैं। फैंस को उनका यह वीडियो काफी पसंद आ रहा है।

**रसेल का प्रदर्शन:** रसेल इन दिनों आईपीएल 2024 में खेलते नजर आ रहे हैं। वह जबरदस्त फॉर्म में हैं। कोलकाता के लिए 11 मुकाबले खेल चुके इस खिलाड़ी ने गेंद और बल्ले से प्रभावित किया है। उन्होंने 186.79 के स्ट्राइक रेट से आठ पारियों में 198 रन बनाए हैं जिसमें एक अर्धशतक भी शामिल है। इसके अलावा उन्होंने 13 विकेट भी हासिल किए हैं।

**केकेआर को एक जीत की दरकार**

मौजूदा समय में कोलकाता नाइट राइडर्स आईपीएल 2024 की अंक तालिका में शीर्ष पर बनी है। टीम के खाते में 16 अंक हैं और उनका नेट रनरेट 1.453 का है। केकेआर लगभग प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। टीम को अभी तीन मैच और खेलने हैं। 11 मई को टीम मुंबई से भिड़ेगी जबकि 13 और 19 मई को टीम का सामना क्रमशः गुजरात और राजस्थान से होगा।

# जंगलों में रहना चाहती हैं नरगिस



एक्ट्रेस नरगिस फाखरी जंगलों में रहना चाहती हैं, उनका कहना है कि प्रकृति में दिन बिताने से बेहतर कुछ नहीं है। नरगिस ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर जंगल का एक वीडियो शेयर किया। साथ ही कैप्शन में लिखा, मैं जंगलों में रहना चाहती हूं, क्योंकि प्रकृति में दिन बिताने से बेहतर कुछ नहीं है। मैं बहुत आभारी हूं, प्रकृति हमें स्वस्थ रखती है। वर्कफ्रंट की बात करें तो 2011 में रणबीर कपूर-स्टारर रॉकस्टार से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली नरगिस को अब से पहले अनुपम खेर और नीना गुप्ता स्टारर हिंदी कॉमेडी फिल्म शिव शास्त्री बलबोआ में देखा गया था। एक्ट्रेस जल्द ही पवन कल्याण और बॉबी देओल स्टारर तेलुगु पीरियड एक्शन एडवेंचर फिल्म हरि हर वीरा मल्लू पार्ट 1- स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट में दिखाई देंगी। यह फिल्म कथित तौर पर मुगल काल पर आधारित है।

## मनोज बाजपेयी ने द फैमिली मैन सीजन 3 की शूटिंग की शुरू



एक्टर मनोज बाजपेयी ने राज और डीके की जोड़ी के निर्देशन में द फैमिली मैन के तीसरे सीजन की शूटिंग शुरू कर दी है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर कलाकारों की एक तस्वीर के साथ क्लैपबोर्ड की एक पिक्चर शेयर की। साथ ही कैप्शन में लिखा, द फैमिली मैन की शूटिंग शुरू हो गई है।

सीजन तीन में मनोज मध्यमवर्गीय व्यक्ति श्रीकांत तिवारी के किरदार में हैं, जो एक जासूस है। पहला सीजन, जिसका प्रीमियर 2019 में हुआ, उसमें प्रियामणि, शरद केलकर, नीरज माधव, शारिब हाशमी, दलीप ताहिल, सनी हिंदुजा और श्रेया धनवंतरी शामिल हैं। एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु दूसरे सीजन के कलाकारों में शामिल हुईं। इस सीरीज की कहानी सुमन कुमार, राज और डीके द्वारा लिखी गई है।

## डीपफेक का शिकार हुई कैटी पेरी



लीवुड से लेकर हॉलीवुड की तमाम हस्तियों ने इस इवेंट में फैशन का तड़का लगाया। कई अभिनेत्रियां इस इवेंट में अपनी फिल्मों की शूटिंग की वजह से शामिल नहीं हो पाई हैं, जिनमें दीपिका पादुकोण, प्रियंका चोपड़ा के अलावा कैटी पैरी का नाम भी शामिल है। लेकिन एआई की मदद से किसी ने कैटी पैरी का डीपफेक फोटो बनाया है और इस फोटो को गाला के इवेंट की झलक दी है।

### डीपफेक का शिकार हो चुके स्टार्स

अभीतक साउथ से लेकर बॉलीवुड और हॉलीवुड तक के कई सितारे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई के डीपफेक का शिकार हो चुके हैं। जिसमें चेहरा किसी और का होता है और बॉडी किसी और की। इन तस्वीरों को देखकर असली और नकली में फर्क करना भी मुश्किल हो जाता है। आमिर खान, आलिया भट्ट से लेकर अब कैटी पेरी की फोटोज को एआई के डीपफेक टूल की मदद से एडिट करके खूब शेयर किया जा रहा है। जबकि कैटी पैरी इस साल फैशन इवेंट में शामिल ही नहीं हुई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अब 75 लाख की कार में घूम रही दिल्ली में वड़ा पाव बेचने वाली लड़की, वीडियो में दिखा जलवा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की वड़ा पाव गर्ल चंद्रिका दीक्षित सोशल मीडिया सेंसेशन बन गई हैं। दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में उनका फास्ट फूड स्टॉल है, जहां वह वड़ा पाव बेचती हैं। उनके स्टॉल पर रोजाना सैकड़ों लोग पहुंचते हैं।अब वह अपनी नई कार- फोर्ड मस्टैंग के साथ एक बार फिर सुर्खियों में हैं। उन्हें अपनी नई कार- फोर्ड मस्टैंग चलाते हुए देखा गया और यह वीडियो अब वायरल हो गया है। ऑनलाइन साझा किए गए इस वीडियो में सफेद फोर्ड मस्टैंग कार के आसपास लोगों का एक समूह इकट्ठा हुआ दिखाया गया है। इसके बाद कैमरा एक शख्स की ओर जाता है, जो लक्जरी कार का डिक्की खोलता है, जिससे पता चलता है कि चंद्रिका दीक्षित पाव या ब्रेड की प्लेट के साथ अंदर बैठी हैं। चंद्रिका कहती हैं कि इंतजार कीजिए जल्द ही कुछ बड़ा होने वाला है। भीड़ तालियों की गड़गड़ाहट से उनका हौसला बढ़ाती है। चंद्रिका ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो साझा किया और लिखा- वड़ा पाव गर्ल ने मस्टैंग कार में वड़ा पाव बेचना शुरू किया। चंद्रिका दीक्षित अक्सर फोटो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपनी नवीनतम खरीदारी के वीडियो साझा करती हैं। दो दिन पहले पोस्ट किए गए एक वीडियो में वह मस्टैंग से बाहर निकलती है और नवीनतम आईफोन, एक ऐप्पल वॉच और एयरपॉड्स खरीदने के लिए एक दुकान में जाती है। हाल ही में उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह कहती सुनाई दे रही हैं कि उन्हें गिरफ्तार किया गया था। उनके इस आरोप के बाद दिल्ली पुलिस ने सफाई देते हुए कहा कि उन्हें कभी हिरासत में नहीं लिया गया और न ही उन पर कोई चार्ज लगाया गया।


### दिल्ली के दिल में दुकान-ऑफिस किराए पर लेना सबसे महंगा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली-एनसीआर में कनॉट प्लेस में हाई स्ट्रीट रिटेल स्पेस के लिए किराये की दरों में साल-दर-साल 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो टियर-वन शहरों में सबसे अधिक है। इसका मतलब यहां पर दुकान, दफ्तर किराये पर लेना टियर वन शहरों में सबसे महंगा है। कनॉट प्लेस के बाद बेंगलुरु की हेनूर मेन रोड और कमर्शियल स्ट्रीट हैं, जहां किराये में साल-दर-साल क्रमश 20 और 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, टियर-टू शहरों में गुवाहाटी-शिलांग रोड पर सबसे अधिक 38 फीसदी किराये में वृद्धि दर्ज हुई। नाइट फ्रैंक इंडिया ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट ह्यथिंक इंडिया थिंक रिटेल 2024- शॉपिंग सेंटर और 29 शहरों में हाई स्ट्रीट डायनेमिक्स में बताया है कि वर्ष 2023 में हाई स्ट्रीट (व्यावसायिक स्थल) प्रति वर्ग फुट औसतन 370 अमेरिकी डॉलर की कमाई करती है। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2024-25 के लिए 29 शहरों की 58 हाई स्ट्रीट पर संभावित खपत लगभग तीन बिलियन अमेरिकी डॉलर होगी।परिचालन स्टोर की कुल संख्या 7,246 है, जिनमें से अधिकांश टियर-वन बाजारों में स्थित हैं। वर्ष 2023 में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (23 प्रतिशत), बेंगलुरु (18 प्रतिशत) और हैदराबाद (15 प्रतिशत) शीर्ष आठ शहरों में सबसे अधिक स्टोर वाले शीर्ष तीन शहर बनकर उभरे। टियर-दो शहरों में वडोदरा (दो प्रतिशत), सूरत (दो प्रतिशत) और चंडीगढ़ (दो प्रतिशत) सबसे अधिक स्टोर के साथ आगे हैं। एनसीआर में खान मार्केट का किराया सबसे अधिक एक हजार से पंद्रह सौ रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह है।

# दिल्ली में फरवरी के बाद सबसे खराब श्रेणी में पहुंची हवा

**एक्यूआई 400 के पार**



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी हवाओं ने सांस के मरीजों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। दिल्ली में मंगलवार को फरवरी के बाद से सबसे खराब वायु गुणवत्ता दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में शाम को 6 बजे एक्यूआई 306 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी में था। दिल्ली में 14 फरवरी को एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी (301 से 400 के बीच) में दर्ज किया गया था। बता दें कि दिल्ली में तीन मई से एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में बना हुआ है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि चूंकि दिल्ली और आसपास के इलाके में लंबे समय से बारिश नहीं हुई है। इसके चलते जमीन की ऊपरी परत कमजोर हुई और धूल की मात्रा बढ़ी है। इससे हवा में धूल कणों के बढ़ने से प्रदूषण बढ़ा है। हवा की दिशा और गति में तेजी से बदलाव के कारण भी इलाके में प्रदूषण बढ़ा है। मंगलवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गया। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, मंगलवार को दिल्ली का औसत एक्यूआई 302 अंक पर रहा। सोमवार को यह 257 था। इससे पहले 14 फरवरी को सूचकांक 341 अंक पर था। वहीं, दो इलाकों का सूचकांक 400 के पार यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। दिल्ली में एक्यूआई मंगलवार की सुबह से यह खराब होना शुरू हो गया था। पश्चिमी दिल्ली के शादीपुर में एक्यूआई 406 और आनंद विहार में 408 दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने अपने बयान में कहा कि दिल्ली में बिगड़ती हवा को देखते हुए मंगलवार को एक तत्काल बैठक बुलाई। आयोग ने सभी एजेंसियों को निर्माण और विध्वंस गतिविधियों, सड़कों से उड़ने वाली धूल को रोकने के लिए तेजी से काम करने का निर्देश दिया है। सीपीसीबी के आंकड़ों के मुताबिक, एनसीआर के क्षेत्रों में सबसे खराब एक्यूआई दिल्ली में दर्ज किया गया। दूसरे नंबर पर फरीदाबाद रहा जहां एक्यूआई 303, ग्रेटर नोएडा में एक्यूआई 340 और नोएडा में 319 दर्ज किया गया।

### दिल्लीवालों को चिलचिलाती धूप से मिलने वाली है राहत

दिल्ली में साफ आसमान की वजह से तापमान बढ़ने लगा है। दिन में तेज चिलचिलाती धूप ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया है। मंगलवार को राजधानी का अधिकतम तापमान रिकॉर्ड 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस गर्मी के मौसम में सबसे अधिक है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। इससे पहले छह मई सबसे गर्म दिन था, तब अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। ड्राई (शुष्क) स्थितियों के कारण दिल्ली में धूल भरी हवाएं चलीं, जिसके कारण हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गई।

दिल्ली-एनसीआर में मंगलवार को पूरे दिन 10-15 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी हवाएं चलीं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले तीन दिनों तक राहत की कोई संभावना नहीं है। इस दौरान अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहेगा और इसी तरह की धूल भरी स्थिति बनी रहने की उम्मीद है। प्रमुख कुलदीप श्रीवास्ताव ने पीटीआई को बताया कि साप्ताहिक पूर्वानुमान के अनुसार, तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा, जिसके परिणामस्वरूप राजधानी में हीटवेव (लू) की स्थिति लागू नहीं होगी।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि मौसम पिछले साल जैसा ही बना रहेगा और 11 व 12 मई को हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, वर्ष 2023 में मई महीने के दूसरे हफ्ते के दौरान राजधानी में 42 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया और पिछली गर्मी के मौसम में हीटवेव नहीं थी। मंगलवार को दिन के वक्त सापेक्षिक आर्द्रता 24 से 71 फीसदी के बीच रही। मौसम विभाग ने बुधवार को आंशिक रूप से बादल छाए रहने और अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 41 और 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान जताया है। श्रीवास्तव ने बताया की पूर्वी हवाएं अब दिल्ली की ओर चलने लगी हैं, जो अपने साथ थोड़ी नमी लाती हैं। ऐसा माना जा रहा है कि बुधवार और गुरुवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है।




## 20 साल की लड़की को 27 हफ्ते का गर्भ गिराने की नहीं मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक 20 वर्षीय लड़की को उसके 27 हफ्ते के गर्भ को गिराने की अनुमति नहीं दी है। अदालत ने कहा कि गर्भ स्वस्थ है और याचिकाकर्ता को गर्भावस्था बरकरार रखने में कोई खतरा नहीं है। ऐसे में भ्रूणहत्या नैतिक या कानूनी रूप से स्वीकार्य नहीं होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता लड़की की मेडिकल रिपोर्ट से पता चला है कि भ्रूण में ना तो कोई जन्मजात असामान्यता है, ना ही गर्भावस्था जारी रखने में मां को कोई खतरा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता लड़की को बच्चे को जन्म देने के लिए प्रेरित करना होगा। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि यह मां के भविष्य के गर्भधारण के लिए भी हानिकारक हो सकता है। यदि महिला चाहे तो प्रसव और भविष्य की कार्रवाई के लिए एम्स दिल्ली से संपर्क कर सकती है। प्रमुख संस्थान उसे सभी सुविधाएं प्रदान करेगा और उसकी गर्भावस्था के संबंध में सलाह देगा। यदि महिला बच्चे को गोद देने के लिए इच्छुक है तो वह केन्द्र सरकार से संपर्क कर सकती है। पीठ उस याचिका पर सुनवाई कर रही है, जिसमें महिला ने कहा था कि वह एनईईटी परीक्षा की तैयारी कर रही है।

### स्कूलों में किताबें नहीं बंटने पर हाईकोर्ट ने लगाई अधिकारियों की क्लास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सरकारी स्कूलों में बच्चों को किताबें वितरण करने में हो रही देरी को लेकर मंगलवार को संबंधित सरकारी अधिकारियों की जमकर खिंचाई की। साथ ही कहा कि शैक्षणिक वर्ष का पहला सत्र बिना किताबों के ही बीत गया। कोर्ट ने अधिकारियों से इस काम में हो रही देरी का कारण पूछा और कहा कि यह भी तब है जब सरकार ही किताबों के प्रकाशन और वितरण पर पैसा खर्च कर रही थी।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और जस्टिस मनमीत पीएस अरोरा की बेंच ने पूछा, ऐसा क्यों हो रहा है? जब आप पैसा खर्च कर रहे हैं, आप किताबें बांट रहे हैं, तो आप इसे देरी से क्यों बांटेंगे? यह काम समय पर क्यों नहीं हो सकता है? इस साल क्या गलती हुई कि किताबें समय पर नहीं बंटीं? अदालत ने कहा, सरकार वितरण और प्रकाशन पर पैसा खर्च कर रही है। लेकिन इसका क्या फायदा अगर हम इसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

# एनसीआर में चलेगी ऑर्बिटल रेल, प्रदूषण और ट्रैफिक भी होगा कम; लाखों लोगों को फायदा



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (केजीपी) के समानांतर ऑर्बिटल रेल चलाने की कवायद तेज हो गई है। इस परियोजना से दादरी और बुलंदशहर के गांवों की जमीन पर बसने वाले नए नोएडा के लिए रेल कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इस मामले में गाजियाबाद में मंगलवार को मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे. की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक हुई। मंडलायुक्त ने स्पष्ट कहा कि प्रोजेक्ट की फिजिब्लिटी रिपोर्ट के साथ सर्वेक्षण करने और डाटा एकत्र करने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया जाए। अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड की डीजीएम आभा गुप्ता ने प्रोजेक्ट की विस्तरण जानकारी दी। नए नोएडा और दिल्ली के चारों तरफ रिंग रोड की तरह आर्बिटल रेल कॉरिडोर गुजरेगा। यह पलवल से सोनीपत तक होगा। इसमें यमुना प्राधिकरण, नया नोएडा, ग्रेटर नोएडा फेज-2, दादरी का एरिया आएगा। इसमें नए नोएडा के अंदर 4.8 किलोमीटर का आर्बिटल रेल नेटवर्क होगा। वहीं, ग्रेटर नोएडा से करीब 22 किलोमीटर की दूरी से आर्बिटल रेल का नेटवर्क गुजरेगा। दादरी-नोएडा-गाजियाबाद को मिलाकर विशेष निवेश क्षेत्र बनाया जाना है। यह नए नोएडा के नाम से जाना जाएगा। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि आर्बिटल रेल नेटवर्क को चोला से रूंधी तक नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए बिछले वाली रेल लाइन से जोड़कर एयरपोर्ट से भी कनेक्टिविटी दी जाएगी। दनकौर रेलवे स्टेशन से भी आर्बिटल रेल का नेटवर्क जुड़ेगा। दादरी के न्यू बोड़ाकी में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से कनेक्टिविटी होगी।

आर्बिटेल रेल कॉरिडोर के बनने से दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से यातायात का दबाव कम होगा। रेल यातायात का दबाव कम करने के लिए ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर की योजना बनाई गई। ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर माल ढुलाई में काफी कारगर होगी। इससे हरियाणा में आईएमटी और तमाम लॉजिस्टिक हब को कनेक्ट किया जाएगा। इससे औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। सड़कों पर माल वाहनों की आवाजाही कम होगी, इससे प्रदूषण में भी कमी आएगी।

# उत्तर कोरिया में पसरा मातम, रात 2 बजे देश की न्यूज एजेंसी को देनी पड़ी जानकारी



**प्योंगयांग एजेंसी।**
उत्तर कोरिया में इस समय शोक की लहर है। दरअसल, देश के दिग्गज नेता किम की नाम की मंगलवार को 94 साल में निधन हो गया। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी को आधी रात में इसकी जानकारी देनी पड़ी। एजेंसी ने बताया कि देश के नेता किम जोंग उन ने मंगलवार देर रात 2 बजे राजधानी प्योंगयांग में किम की नाम को श्रद्धांजलि दी और परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त किया। बता दें कि किम की नाम, सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले उत्तर कोरियाई अधिकारियों में से एक, नेता थे। इन्होंने देश के नेताओं की सभी तीन पीढ़ियों को उनकी राजनीतिक वैधता को मजबूत करने और वंशवादी राज्य के लिए प्रचार तंत्र का नेतृत्व करने के लिए सेवा प्रदान की। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रात 2 बजे किम की अर्थी के दर्शन किए। वह उत्तर कोरिया के एक अनुभवी नेता थे, जो अंत तक देश के प्रति असीम रूप से वफादार रहे। वह वफादार अधिकारियों के एक मुख्य समूह का हिस्सा थे, जिन्होंने किम की तीन पीढ़ियों को बनाए रखने के लिए काम किया था। किम उन बहुत कम उत्तर कोरियाई अधिकारियों में से एक थे जिन्होंने दक्षिण का दौरा किया था। उन्होंने 2009 में राष्ट्रपति किम डे-जंग की मृत्यु के बाद एक अंतिम संस्कार प्रतिनिधिमंडल का भी नेतृत्व किया था। दक्षिण कोरियाई सरकारी आंकड़ों के अनुसार, वह 1985 में राज्य के संस्थापक किम इल सुंग के शासन के दौरान प्रमुख बने और 2017 में सेवानिवृत्त हुए। वह विशेष रूप से वर्तमान नेता के पिता किम जोंग-इल के करीबी थे, जिनकी 2011 में मृत्यु हो गई थी। माना जाता है कि वह उनके शराब पीने वाले दोस्तों में से एक थे।

# विदेशों में भी हिट हो रहा बुलडोजर ऐक्शन, फिलिस्तीन समर्थकों के शिविर को तोड़ा; हिंसक प्रदर्शन

**एम्स्टर्डम , एजेंसी।** नीदरलैंड की राजधानी में मंगलवार को फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन एक बार फिर से तेज हो गया। इससे एक दिन पहले ही फिलिस्तीन समर्थकों पर बुलडोजर ऐक्शन देखने को मिला था। दंगा रोधी पुलिस ने एम्स्टर्डम यूनिवर्सिटी में एक शिविर को हिंसक तरीके से तोड़ डाला था। इससे भड़के सैकड़ों लोगों ने आज गाजा युद्ध विरोधी नारे लगाए। उन्होंने एम्सटर्डम शहर की सड़कों को जाम कर दिया। इस दौरान इजरायल के सैन्य अभियानों की जमकर निंदा की गई। यूनिवर्सिटी कैंपस के आसपास बड़ी संख्या में आज प्रदर्शनकारियों जुटे थे। उन्होंने नारे लगाए, फ्री-फ्री फिलिस्तीन! उन्होंने एकजुट लोग नहीं हारेंगे के भी नारे लगाए। रिपोर्ट के मुताबिक, पुलिस ने मंगलवार की सुबह बैरिकेड्स को हटाने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया। इस दौरान हिंसक झड़पें हुईं और 140 लोगों को हिरासत में ले लिया गया। इस विरोध प्रदर्शन के वीडियो क्लिप्स सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पुलिस ने जिस तरह से बुलडोजर का इस्तेमाल किया, उससे टीचर्स और यूनिवर्सिटी के कर्मचारी काफी भड़के हुए थे। इन लोगों ने आज दोपहर को एक और विरोध प्रदर्शन निकालने की अपील की। डच स्कॉलर्स फॉर फिलिस्तीन नाम के समूह ने अपने बयान में कहा, छात्रों और कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें जबरन हटाने के लिए मिर्च स्प्रे, पुलिस के डंडों, पुलिस कुत्तों और बुलडोजर के इस्तेमाल किया गय। इस दौरान काफी हिंसा हुई और कई लोग घायल हो गए। इस बीच, फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने गाजा पट्टी में युद्ध समाप्ति समझौते में मध्यस्थता के लिए मिस्र और कतर के प्रयासों का स्वागत किया है। अब्बास ने युद्धविराम और गाजा पट्टी से पूर्ण वापसी के लिए इजरायल की प्रतिबद्धता के लिए आशा व्यक्त की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वह इजरायल पर युद्ध समाप्त करने और फिलीस्तीनी क्षेत्रों के कुछ हिस्सों को अपने कब्जे से मुक्त करने पर जोर दें। इससे पहले, हमास ने घोषणा की कि उसने मिस्र और कतर में मध्यस्थों को गाजा पट्टी के लिए युद्धविराम प्रस्ताव को मंजूरी देने के बारे में जानकारी दे दी है।

# फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने एमआईटी पर बोला धावा !



**शिकागो, एजेंसी।** अमेरिका में पुलिस कई विश्वविद्यालयों में घुसकर धरने हटवा चुकी है, लेकिन फलस्तीन समर्थकों का आंदोलन खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिकी शिक्षण संस्थाओं में लगभग तीन हफ्ते से आंदोलन के कारण तनाव बना हुआ है।

पुलिस ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में धरना दे रहे प्रदर्शनकारियों को हटाया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने फिर एमआईटी में बनाए शिविर पर फिर कब्जा कर लिया। एमआईटी में प्रदर्शनकारियों से कहा गया था कि वे स्वेच्छा से कब्जा हटा लें नहीं तो उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। इसके लिए सोमवार दोपहर तक का अल्टीमेटम दिया गया था। कई प्रदर्शनकारियों ने कब्जा हटा लिया, लेकिन बाद में विश्वविद्यालय के बाहर से प्रदर्शनकारियों के आने के बाद प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़कर फिर कब्जा कर लिया। एमआईटी प्रवक्ता के अनुसार, सोमवार रात तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई थी। रोड आइलैंड स्कूल ऑफ डिजाइन में भी छात्रों ने सोमवार को एक इमारत पर कब्जा कर लिया। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत की है, लेकिन तनाव बरकारार है।

इस बीच शिकागो विश्वविद्यालय में पुलिस ने मंगलवार को धरना दे रहे फलस्तीन समर्थकों को हटा दिया। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, सैन डिएगो में, पुलिस ने धरना खत्म कराकर 40 छात्रों सहित 64 से अधिक लोगों को गिरफ्तार कर लिया। छात्रों का विरोध प्रदर्शन यूरोप तक फैल गया है। पुलिस ने मंगलवार तड़के एम्स्टर्डम विश्वविद्यालय से लगभग 125 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया। छात्रों ने फिनलैंड, डेनमार्क, जर्मनी, इटली, स्पेन, फ्रांस और ब्रिटेन में भी विरोध प्रदर्शन किया या शिविर लगाए।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय के अंतरिम अध्यक्ष, एलन गार्बर ने छात्रों को चेतावनी दी कि हार्वर्ड यार्ड में धरना दे रहे प्रदर्यानकारियों को परिसर में अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्हें छात्रावास की सुविधा नहीं दी जाएगी। परीक्षा देने से भी रोका जा सकता है।

## फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने बर्फीले पर्वतीय दर्रे में की जिनपिंग से मुलाकात, लगाए जाम

**पेरिस एजेंसी।**
फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों पिरिनी में एक दूरस्थ बर्फीले पर्वतीय दर्रे में मंगलवार को एक निजी बैठक के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मेज़बानी की। जिनपिंग सोमवार को फ्रांस की यात्रा पर पहुंचे। उनकी यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब कारोबारी विवाद और यूक्रेन युद्ध से जुड़े मुद्दे ही हावी हैं। मैक्रों ने स्पेन की सीमा के नजदीक टूह्माले दर्रे में चीन के राष्ट्रपति को आमंत्रित किया है। इस स्थान पर मैक्रों ने बचपन में अपने दादी के साथ वक्त बिताया था। इससे पहले पिछले साल जब मैक्रों चीन की यात्रा पर थे तब जिनपिंगग उन्हें गुआंगदोंग प्रांत के गवर्नर के आवास ले गए थे जहां चीन के राष्ट्रपति के पिता कभी रहते थे। टूह्माले दर्रे में बर्फ की चादर बिछी हुई है और वहां पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। टूह्माले दर्रे की ओर जाने वाली सड़कों को अधिकारियों ने मंगलवार को बंद कर दिया। चिनफिंग वैश्विक तनाव के बीच रिश्तों को नई ऊर्जा प्रदान करने के लिए यूरोप की यात्रा पर हैं। वह सर्बिया और हंगरी भी जाएंगे।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रकः- देवेन्द्र मालवीय द्वारा श्री सिंध्दी विनायक प्रिंटर्स 26 बी देशबंधु परिसर प्रेस काम्प्लेक्स झोन 1 एम पी नगर भोपाल म.प्र. से मुद्रित एवं 773 / 19 मेघदूत नगर इंदौर म.प्र. से प्रकाशित सम्पादक डॉ. देवेन्द्र मालवीय

कार्यालय पताः-एच. 21 अंकित अपार्टमेंट ब्रजेश्वरी एनएक्स, इंदौर मध्यप्रदेश मोः- 98276-22204 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र इंदौर रहेगा।

दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त सूचनाए, विचार, आलेख विभिन्न समाचार के स्त्रोत एवं संकलन लेखकों के व संकलनकर्ता के स्वयं जिनका संकलन विभिन्न एजेंसियों, के माध्यम से किया गया है, अतः समस्त प्रकार के प्रकाशन हेतु संपादक, प्रकाशक, मुद्रक का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहमत होना अनिवार्य नही है।